50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 9 °c
अधिकतम 26 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:55, सूर्यास्त : 5:20 | वर्ष : 50/ अंक : 329 | बुधवार, 30 नवम्बर 2022 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

**आज की अमृतवाणी**

रिश्तों की फिक्र करना छोड़ दो, जिसे जितना साथ देना है, वो उतना ही साथ निभायेगा।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

जितने जुल्म ढहाए जा रहे हैं, इतने तो हिटलर ने भी यहूदियों पर नहीं ढहाए थे : आजम खान




दण्ड उसको यहाँ कहा जाए.... जिससे शैतान बिलबिला जाए......

# कहीं घट तो नहीं रहा विक्रम का जनाधार, तभी तो आ रही सूबे की सरकार

**▸ दो-दो उपमुख्यमंत्री और फिर मुख्यमंत्री का आना यही दर्शा रहा है कि कहीं न कहीं विक्रम सैनी का जनाधार खिसका है**

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** लगातार अपनी फिसली जुबान को लेकर विवादों में रहे विक्रम सैनी को उपचुनाव भारी पड़ता दिखाई पड़ रहा है। ऐसा खतौली के मतदाताओं का मानना है। राजनीतिक जानकारों की मानें तो इतनी भारी मशक्कत उपचुनाव को जीतने के लिए तभी की जाती है जब मौजूदा विधायक का जनाधार कहीं न कहीं किसी न किसी स्तर से गिरा हो। कभी ब्राह्मणों पर टिप्पणी करने तो कभी किसी गांव से भगाए जाने के मामले के बावजूद भी 2022 में मतदाताओं ने मजबूर होकर योगी सरकार बनाने की हिमायत करते हुए वोट दिया मगर विक्रम सैनी को 2 साल की सजा होने के बाद एक बार फिर जब उपचुनाव का बिगुल बजा तो राजनीतिक गलियारों में फिर से वही आवाजें गूंजने लगी और खतौली विधानसभा चुनाव जीतना टेढ़ी खीर हो गया। ऐसा इसलिए क्योंकि नगर में विधायक, सांसद अपना ऐडी-चोटी का जोर उक्त उपचुनाव को जिताने के लिए पहले से ही लगाए हुए हैं। बावजूद उसके प्रदेश अध्यक्ष दो-दो उपमुख्यमंत्री का खतौली विधानसभा पर उतरना इसी बात को दर्शाता है कि कहीं न कहीं उपुचनाव में विक्रम सैनी का विरोध अभी भी जारी है। यदि विरोध न होता तो खुद मुख्यमंत्री को उपचुनाव के लिए धरातल पर न उतरना पड़ता। इन सभी चर्चाओं के साथ साथ विपक्ष के पास अपनी जीत हासिल करने के लिए बहुत अधिक मशक्कत की आवश्यकता नहीं पड़ रही। भाजपा द्वारा मदन भैया को बाहुबली, धनबली, बाहरी बताए जाने के बाद भी मदन भैया दमदार समीकरणों के साथ विक्रम सैनी की पत्नी राजकुमारी सैनी को जबरदस्त चुनौती दे रहे हैं। उन्हें जीत के लिए इसलिए ज्यादा मशक्कत करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि मुस्लिम, गुर्जर, जाट समर्थकों के साथ-साथ उनकी ओर अन्य पिछड़ी जाति के मतदाता भी जनसभाओं में दिखाई पड़ रहे हैं। वोट के दिन यह मतदाता क्या करेंगे, यह कह पाना तो मुश्किल है, मगर हाल फिलहाल तो जिस तरह से भाजपाई राजकुमारी सैनी का प्रचार प्रसार करने में लगे हुए हैं, उससे तो यही साबित हो रहा है कि खतौली विधानसभा की सीट जीत पाना स्वयं सत्ताधारी पार्टी होते हुए भी हंसी खेल नहीं है और इन सब बातों की पुष्टि मुख्यमंत्री का आगमन अपने आपमें करता दिखाई पड़ रहा है। हालांकि भाजपाइयों का मानना है कि इस सीट पर जीत हासिल करने के लिए नहीं बल्कि पहले से दो गुने मत से जीत हासिल करने के लिए जोर लगाया जा रहा है। भाजपाइयों की मानें तो इस सीट की जीत हार 2024 के सांसदी चुनाव की भी तस्वीर सामने लाकर रख देगी। यदि इस सीट पर भाजपा की जीत हुई तो 2024 में चुनाव लड़ने वाले सांसद की राहें अपने आप आसान हो जाएंगी और यदि यह सीट किसी कारणवश भाजपा के हाथ से छिटक गयी तो यह जिले की पांचवी सीट होगी, जिसे रालोद-सपा गठबंधन अपने कब्जे में करने के बाद सांसदी में भी दमदारी से अपना चुनाव लड़ने को जोरदार बिगुल बजाएगा। दोनों ही धड़ों के लिए यह सीट जीतना नाक का सवाल बन चुका है। अब देखना यह होगा कि भाजपाई किस किस तरह से जोर आजमाईश के बाद यह सीट अपने कब्जे में कर पाते हैं।





खतौली में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की चुनावी सभा के लिए सभास्थल पर व्यवस्थाओं का जायजा लेते मंत्री कपिल देव अग्रवाल व अन्य तथा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत खतौली पहुंचे एडीजी व अन्य अधिकारी।

## सपा छोड़ भाजपा खेमे में शामिल होंगे पूर्व मंत्री डॉ. धर्म सिंह सैनी

**मुजफ्फरनगर, 29 नवंबर (बु.)।** जनपद सहारनपुर की नकुड विधानसभा से पूर्व विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉक्टर धर्म सिंह सैनी समाजवादी पार्टी छोड़कर कल फिर से भाजपा में शामिल होंगे। खतौली में होने वाली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉक्टर धर्म सिंह सैनी फिर से भाजपा की सदस्यता लेंगे। विधानसभा चुनाव से पूर्व भाजपा को अलविदा कहकर समाजवादी पार्टी से चुनाव लड़े डॉक्टर धर्म सिंह सैनी को बहुत ही मामूली अंतर से हार का सामना करना पड़ा।

## एडीजी समेत अधिकारियों ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**▸ मुख्यमंत्री योगी की रैली के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की सघन चैकिंग के दिए निर्देश**

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बुधवार को खतौली में होने वाली जनसभा के मद्देनजर मंगलवार को पुलिस प्रशासन के आला अफसरों ने सभा स्थल पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अपर पुलिस महानिदेशक राजीव सभरवाल ने मुख्यमंत्री की सुरक्षा में किसी तरह की हीला-हवाली न करने के निर्देश दिए। प्रत्येक व्यक्ति को सघन चैकिंग के बाद ही सभा स्थल पर प्रवेश की व्यवस्था पर जोर दिया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक राजीव सभरवाल ने पुलिस उप महानिरीक्षक सहारनपुर परिक्षेत्र सुधीर कुमार एवं एसएसपी विनीत जायसवाल, एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय के साथ खतौली पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का अवलोकन कर सुरक्षा प्रबंधों की जानकारी ली। विधानसभा उपचुनाव के दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को खतौली के नवीन मण्डी परिसर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने तथा इस दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, बैरिकेटिंग, मंच, पण्डाल, वाहनो की पार्किंग, साफ-सफाई, मोबाईल टॉयलेट की समुचित व्यवस्था तथा सभा में महिलाओं, वीवीआईपी एवं मीडिया हेतु गैलरी तथा परिसर में आने-जाने वाले रास्तों का तथा चिन्हित किये गये सभी चेकिंग प्वाइंट का बारिकी से स्थलीय निरीक्षण किया गया। हेलीपेड व कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई व बैरिकेडिंग को चेक करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस दौरान पुलिस अधीक्षक नगर अर्पित विजयवर्गीय, पुलिस अधीक्षक यातायात कुलदीप सिंह, क्षेत्राधिकारी खतौली राकेश कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे। इससे पूर्व जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह और एसएसपी विनीत जायसवाल ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन नरेन्द्र बहादुर सिंह, एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को परखा।

## मंत्री कपिल देव ने किया सीएम सभा स्थल का निरीक्षण

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के खतौली उपचुनाव के संबंध में बुधवार को होने वाली जनसभा स्थल नवीन मण्डी परिसर खतौली का निरीक्षण करते हुए मुजफ्फरनगर सीट से विधायक एवं राज्य सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल ने सभा स्थल का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं को परखा और पार्टी स्तर से मंचीय व्यवस्था तथा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के आगमन को लेकर रूपरेखा बनाई। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल के साथ इस निरीक्षण के दौरान भाजपा के प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, जिला प्रभारी सत्येंद्र सिसौदिया, जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, जिला महामंत्री विनीत कात्यान, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यपाल पाल, रवि कांत शर्मा, प्रवीण जैन, सुखदर्शन सिंह बेदी, मदन खुराना, वरिष्ठ भाजपा नेता खतौली राजकुमार छाबड़ा, जिलाध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा सुंदर सिंह पाल आदि मौजूद रहे।

# हाईकोर्ट ने अंजू अग्रवाल को दी संजीवनी

**▸ शासन प्रशासन को हुक्म: उनके काम में बाधा ना डाले**
**▸ मौजूदा बर्खास्तगी आदेश को बताया गया विधि विरुद्ध**
**▸ सरकार विधि सम्मत तरीके से जारी कर सकती है नया आदेश**

**मुजफ्फरनगर, 29 नवंबर (बु.)।** प्रदेश शासन द्वारा अंजू अग्रवाल की चेयरमैन पद से बर्खास्तगी के आदेश को रद्द करते हुए हाईकोर्ट ने उक्त आदेश की प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। इसके साथ ही यह भी आदेश दिए हैं कि अंजू अग्रवाल को बतौर पालिकाध्यक्ष कार्य करने में किसी प्रकार की बाधा ना डाली जाए। हालांकि हाईकोर्ट ने कहा है कि राज्य सरकार इस मामले में विधिसम्मत तरीके से ताजा आदेश जारी कर सकती है।



नगर पालिका में वित्तीय घोटाले की शिकायतों पर जिलाधिकारी की जांच के आधार पर उत्तरप्रदेश सरकार ने दस अक्टूबर को जारी आदेश में अंजू अग्रवाल को चेयरमैन पद से बर्खास्त कर दिया था। इसके खिलाफ अंजू अग्रवाल द्वारा हाईकोर्ट में दायर अपील पर न्यायमूर्ति जयंत बनर्जी तथा मनोज कुमार गुप्ता की खंडपीठ ने ताजा आदेश जारी किए हैं। ज्ञात रहे कि नगर पालिका में वित्तीय घोटाले के आरोपों की जांच केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान की संस्तुति पर की गई थी। इसमें स्थानीय निकाय विभाग ने पहले कार्रवाई करते हुए पालिकाध्यक्ष के वित्तीय अधिकार सीज कर दिए थे। इसके बाद पालिकाध्यक्ष को उक्त आरोपों पर सफाई देने के लिए बुलाया गया था। बाद में शासन ने दस अक्टूबर को एक आदेश जारी करते हुए अंजू अग्रवाल को चेयरमैन पद से बर्खास्त कर दिया था। अंजू अग्रवाल ने इस आदेश को अवैधानिक बताते हुए हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। इसमें उनके अधिवक्ता ने बर्खास्तगी के आदेश को चुनौती देते हुए दलील दी कि बिना आरोपों की समुचित जांच एक अधिकारी की रिपोर्ट के आधार पर की गई बर्खास्तगी की कार्रवाई नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध है। आदेश में कहा गया है कि शासन के आदेश पर याचिकाकर्ता ने दो मई और आठ जुलाई को दो बार अपना स्पष्टीकरण देते हुए अपने ऊपर लगाए गए आरोपों का खंडन किया। लेकिन राज्य सरकार ने इसकी जांच और रिकॉर्ड पर उपलब्ध साक्ष्यों की पड़ताल किए बिना केवल जिलाधिकारी की 19 सितंबर 2022 की रिपोर्ट पर मान लिया कि आरोप सही पाए गए हैं। इस मामले में तथ्यपरक जांच कराए बिना इस तरह का बर्खास्तगी आदेश जारी किया जाना गलत है। यहां तक कि डीएम की यह जांच रिपोर्ट याचिकाकर्ता को उपलब्ध तक नहीं कराई गई। केवल डीएम की रिपोर्ट के आधार पर की गई इस कार्रवाई को रद्द करते हुए कहा है कि सरकार इस मामले में विधि सम्मत तरीके से नया आदेश पारित करने के लिए स्वतंत्र है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि उक्त आदेशों के बाद शासन अंजू अग्रवाल को चेयरमैन के रूप में अपने विधि सम्मत दायित्वों के निर्वहन में कोई हस्तक्षेप नहीं करेगा। हालांकि जिला प्रशासन का कहना है कि अभी उन्हें हाईकोर्ट के कोई आदेश नहीं मिले हैं। दूसरी ओर अंजू अग्रवाल इन आदेशों के बाद चेयरमैन की कुर्सी संभालने की तैयारी कर रही हैं। प्रशासन ने उनके स्थान पर नगर मजिस्ट्रेट को फिलहाल प्रशासक बना रखा है।

## अंजू की वापसी से चेयरमैनी चुनाव में बनेंगे नए समीकरण

**▸ पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल बर्खास्त होने के बाद उनका चुनाव लड़ना माना जा रहा था नामुमकिन**
**▸ संभावित पालिका चुनाव के मद्देनजर अंजू के दूसरी बार ताल ठोंकने से मची सियासी हलचल**

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय से राहत पाकर अपनी कुर्सी बरकरार रखने में अभी तक कामयाब नजर आ रही अंजू अग्रवाल के लिए अब नई सियासी पारी खेलने की राह भी आसान हो गई है। हालांकि अभी गेंद यूपी शासन के पाले में है, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोप में अपने दागदार दामन को पाक साबित करने की लड़ाई में अंजू अग्रवाल को इस जीत के साथ ही चेयरमैनी के सियासी संग्राम का नया खिलाड़ी माना जाने लगा है। संभावित निकाय चुनाव में अग्रवाल के ताल ठोंकने की तैयारियों के मद्देनजर नये समीकरण बनते नजर आ रहे हैं। वैसे तो आरक्षण निर्धारण के बाद ही पूरी तस्वीर साफ हो पाएगी, लेकिन अंजू की वापसी ने चेयरमैनी पद पर चुनाव लड़ने का संजो रहे उम्मीदवारों में हलचल जरूर मचा दी है। भ्रष्टाचार के कथित आरोपों में शासन ने पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल को जब बर्खास्त किया था, तो माना जा रहा था कि उनके राजनीतिक करियर को ब्रेक लग गया है। हालांकि बर्खास्तगी से पहले अंजू अग्रवाल ने पालिकाध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर तुरुप का पत्ता तो चला था, लेकिन उस पर अमल न होने के कारण उन्हें बर्खास्तगी की फजीहत -ोलनी पड़ी। बर्खास्तगी के बाद भी अंजू अग्रवाल ने हार नहीं मानी और हाईकोर्ट की शरण पहुंच गई। पहले तो उन्हें एक नहीं कई -टके लगे, लेकिन आखिरकार जीत उनके खाते में ही आई। हाईकोर्ट ने 24 नवंबर को उनकी याचिका की सुनवाई पर दिए अपने आदेश में शासन द्वारा 10 अक्टूबर को उनके खिलाफ बर्खास्तगी के जारी आदेशों को खारिज करने के साथ ही शासन को नए सिरे से सुनवाई करते हुए कार्यवाही की छूट तो दी, साथ ही यह भी आदेश दिया है कि उनके कामकाज में शासन या प्रशासन के स्तर से कोई भी हस्तक्षेप नहीं किया जाये। इसके साथ ही उनको अपने पद पर पूर्ण अधिकारों के साथ बहाल होने का दावा उनके समर्थक फैसला आने के दिन से ही करते चले आ रहे हैं। कोर्ट का यह बहुप्रतीक्षित फैसला आज कॉपी आ जाने के बाद लोगों के बीच फिर से एक नई चर्चा का विषय बना, इसी बीच बर्खास्तगी के खिलाफ कोर्ट में जीत हासिल कर चुकी अंजू अग्रवाल के राजनीतिक करियर को नये पंख लग गये हैं। पालिकाध्यक्ष अंजू अग्रवाल के पक्ष में यह फैसला उस समय आया है, जब आने वाले दिनों में पालिका चुनाव प्रस्तावित हैं। इस सप्ताह आरक्षण निर्धारण सूची जारी होने की उम्मीद जताई जा रही है, यदि पालिकाध्यक्ष पद सामान्य रहा तो निश्चित रूप से अंजू अग्रवाल दूसरी पारी के लिए मैदान में होंगी। वो पहले से ही इसकी तैयारियों में जुटी थी। पालिकाध्यक्ष पद को लेकर अब तक 50 से अधिक उम्मीदवारों के नाम हवा में चल रहे हैं। ऐसे में अंजू अग्रवाल का नाम सामने आने से उम्मीदवारों में बैचेनी बढ़ गई है। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि अंजू अग्रवाल भाजपा में हैं और चेयरमैन के सबसे ज्यादा दावेदार इसी पार्टी से सामने हैं। हालांकि सबसे मजबूत दावेदार के रूप में इस बार पंजाबी और ब्राह्मण समाज के उम्मीदवार उभर रहे हैं, वैसे यह सीट परम्परागत रूप से वैश्य समाज के कोटे ही मानी जाती रही है। नये परिसीमन के बाद जरूर थोड़े समीकरण बदले हैं, पिछड़ों के साथ ब्राह्मण, दलित, मुस्लिम और जाट मतों में भी इजाफा हुआ है। यह तो वक्त ही बताएगा कि पालिकाध्यक्ष पद के लिए भाजपा और दूसरे प्रमुख दलों से कौन उम्मीदवार होगा, लेकिन उम्मीदवारों की सूची में एक बार फिर अंजू अग्रवाल का नाम जुड़ गया है।

## शुगर मिल की टर्बाइन का ज्वाइंट फटने से एक कर्मचारी गंभीर घायल



**शामली, 29 नवम्बर (बु.)।** अपर दोआब शुगर मिल में मंगलवार सुबह तीन मेगावाट टरबाईन का ज्वाईट फट गया, जिससे टरवाईन पर कार्य कर रहा कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गया, जिससे उपचार के लिए करनाल के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। टरबाईन फटने से मंगलवार को पूरे दिन शुगर मिल में गन्ना आपूर्ति कार्य बाधित रहा। मंगलवार को दिन निकलते ही अपर दोआब शुगर मिल में धमाका हो गया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। बताया जाता है कि तीन मेगा वाट के टरवाईन में किसी तकनीकी खराबी के चलते धमाका हुआ है। धमाका इतनी तेज था कि पास में ही बॉयलर पर कार्य कर रहा कस्बा बनत के मौहल्ला रेदासपुरी निवासी ऑयलमैन कर्मचारी कुवाड़ी गंभीर रूप से झुलस गया। धमाके की आवाज पर शुगर मिल अधिकारी मौके पर पहुंचे और घायल कर्मचारी को आनन-फानन में शामली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी दशा गंभीर होने के कारण करनाल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। टरबाईन फटने से शुगर मिल में गन्ना पेराई कार्य भी बंद हो गया, जिसके बाद शुगर मिल अधिकारियों ने मिल गेट से कुछ किसानों को वापस लौटा दिया, जबकि शामली शुगर मिल में गन्ना लेकर आ रहे किसानों को शहर के बाहर ही रोका गया। दिनभर टरवाईन को ठीक करने के लिए इंजीनियर्स की टीम कार्य करती रही, लेकिन देर शाम तक भी टरवाईन ठीक नही हो पाया था। शुगर मिल अधिकारियों से किसानों से गन्ना पेराई कार्य शुरू न होने तक मिल में गन्ना न लेकर आने की अपील की है कि शहर में जाम लगने से बच सके और किसानों को भी दुश्वारियों का सामना न करना पड़े। शुगर मिल के सहायक गन्ना प्रबंधक दीपक राणा ने बताया कि सवेरे शुगर मिल का तीन मेगावाट का टरबाईन फटने से एक कर्मचारी झुलसा है। गन्ना पेराई कार्य टरबाईन ठीक होने तक बाधित रहेगा, जिसके लिए किसानों के क्षेत्रों में ऐलान भी करा दिया गया है।

## सड़क पर मृत पड़ा मिला युवक

**▸ पुलिस ने कहा हादसे में हुई मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका ▸ शव को सड़क पर रखकर चरथावल रोड किया जाम**

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव लकड़संधा में एक युवक रास्ते में मृत पड़ा मिला, समीप ही उसकी बाइक भी पड़ी थी। पुलिस का कहना है कि युवक की मौत नील गाय की टक्कर से हुई है, जबकि परिजनों ने युवक की हत्या किये जाने की आशंका व्यक्त की और शव को सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। पुलिस ने किसी प्रकार समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि लकड़संधा निवासी 35 वर्षीय मनोज कुमार पुत्र कृष्णपाल ई-रिक्शा व टैम्पो चलाने का कार्य करता था। बताया कि बीती रात वह घर से बाईक पर कहीं जाने के लिये निकला था, जिसके बाद वह रास्ते में मृत पड़ा मिला था। समीप ही उसकी बाइक पड़ी थी। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को परीक्षण के लिये भेज दिया। पुलिस का कहना था कि युवक की मौत नील गाय की टक्कर से हुई है, जबकि परिजन हत्या की आशंका जता रहे थे। देर शाम पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने लकड़संधा पंचायत घर के सामने शव को रखकर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने निष्पक्ष जांच का आश्वासन देकर जाम खुलवाया।



# जिला कारागार में सुन्दरकांड पाठ में शामिल हुए बंदी

## जिला कारागार में मानव कल्याण परिषद् के सहयोग से हुआ सराहनीय धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन

### कार्यक्रम में दिखा सर्वधर्म सम्भाव का नजारा-हिंदू, मुस्लिम, सिक्ख व ईसाई ने धर्म प्रवचन में किया प्रतिभाग

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** मंगलवार को जिला कारागार में मानव कल्याण परिषद् के सहयोग से सुन्दर काण्ड पाठ का आयोजन किया गया। सुन्दर काण्ड मण्डली में आचार्य हितेश शास्त्री, आनन्द चतुर्वेदी शास्त्री, महाराज हिमेश शास्त्री एवं जेल प्रशासन, बंदियों एवं बाहर से आई सुन्दर काण्ड मण्डली के सदस्यों द्वारा माँ सरस्वती, गणेश-लक्ष्मी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कारागार में निरूद्ध हिन्दु, मुस्लिम, सिख, ईसाई सभी जाति एवं धर्मों के बंदियों द्वारा सुन्दर काण्ड में बढ़-चढ़कर अधिक संख्या में भाग लिया।

आचार्य हितेश शास्त्री महाराज द्वारा पूजा-अर्चना, सुख-समृद्धि, परिवार में सुख-शांति एवं बंदियों के जेल से रिहा होने की कामना की गई। इस अवसर पर जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने समस्त आचार्यों एवं उनके साथ आए सुन्दर काण्ड मण्डली सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कारागार परिवार को आशा है कि भविष्य में भी आचार्य महाराज हमारे बीच इसी प्रकार से पाठ कराने हेतु उपस्थित होते रहेंगे। जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा ने कहा कि आचार्य हितेश शास्त्री द्वारा श्रीराम कथा को लेकर जिस प्रकार से जागरूक किया जा रहा है, वह बहुत ही लाभप्रद एवं सराहनीय है तथा उनके ऐसे प्रयासों से हम सभी अभिभूत हो रहे हैं और यह मुहिम धर्म लाभ में अत्यन्त ही सहायक है। महाराज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बताई गई सभी बातें बंदियों को सही दिशा की ओर ले जाने वाली थी।

**बोले जेल अधीक्षक सीताराम शर्मा-श्री राम कथा के प्रति जनजागरण प्रशंसनीय**

इस अवसर पर मुख्य रूप से जेलर कमलेश सिंह, उप जेलर सुरेन्द्र मोहन सिंह, कैलाश नारायण शुक्ला एवं अन्य कारागार स्टाफ तथा सुन्दर काण्ड मण्डली के सदस्य प्रेम प्रकाश अरोडा, शशिकांत गर्ग, प्रेम किशोर, शैलेन्द्र बाबू, रमेश कुमार, संजय, राकेश, अमित कुमार, आशुतोष, अजय राज आदि उपस्थित रहे।






फोटो बुलेटिन
जिला कारागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सुन्दर काण्ड पाठ में शामिल सर्वधर्म से जुड़े बंदी व धार्मिक कार्यक्रम में प्रवचन करते आचार्य हितेश शास्त्री।

# एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स के छात्र छात्राओं ने चंडीगढ़ जा बढ़ाया ज्ञान

### इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण से विद्यार्थियों में मानसिक मजबूती के साथ ही ज्ञान की वृद्धि होती है: एकता मित्तल



**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** एसडी कॉलेज ऑफ कॉमर्स द्वारा मानविकी संकाय के छात्र एवं छात्राओं का एक एजुकेशनल टूर चंढीगढ में स्थित रॉक गार्डन, कैक्टस गार्डन व सुखना झील गया।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सचिन गोयल ने सभी शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं को शुभकामनाओं सहित टूर के लिए रवाना किया, जिसमें मानविकी संकाय के छात्र एवं छात्राओं ने रॉक गार्डन, कैक्टस गार्डन और सुखना झील का भ्रमण किया एवं कैक्टस गार्डन जोकि एशिया के सबसे बड़े गार्डन के रूप में विख्यात है का भ्रमण करते हुए छात्र-छात्राओं ने 50 से अधिक प्रकार के कैक्टस के पौधों को देखा और उनके संबंध में जानकारी हासिल करते हुए अपना ज्ञानार्जन किया। रॉक गार्डन में वेस्ट मैटिरियल जैसे चुडियां, टूटे हुए विभिन्न प्रकार के पत्थरों से बनी कलाकृतियों को देखकर उनका आनंद उठाया। इसके अतिरिक्त सुखना झील में छात्र-छात्राओं द्वारा नौका विहार किया गया व कई प्रकार के मनोरम दृश्यों लुफ्त उठाया। विभागाध्यक्षा एकता मित्तल ने इस शिक्षाप्रद टूर के विषय में कहा कि इस प्रकार के भ्रमण से विद्यार्थियों की मानसिक वृद्धि होती है। साथ ही उन्हें देशाटन, प्राकृतिक व अनेक प्रकार की सामाजिक जानकारी भी प्राप्त होती हैं तथा उनमें अनुशासनात्मक शक्ति का भी विकास होता है।

### रॉक और कैक्टस गार्डन में किया भ्रमण

मानविकी संकाय के छात्र-छात्राओं ने इस एक दिवसीय ज्ञानवर्धक दौरे को अत्यन्त रूचिपूर्ण तरीके से समझा व आनन्द लिया। इस शिक्षाप्रद टूर से एकत्रित ज्ञान के विषय से संबंधित एक सेमीनार शीघ्र ही महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा। शिक्षाप्रद टूर के दौरान संचालक के रूप में विभागाध्यक्षा एकता मित्तल, डॉ. दिनेश कुमार पवन, विनित कुमार, नीरज कुमार, सोनिया, गरिमा, अकांक्षा, संकेत जैन का सहयोग रहा।

# जिम संचालकों को पंजीकरण शुल्क जमा कराने के निर्देश जारी

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** जनपद में चलाए जा रहे प्राइवेट जिम संचालकों को शासन के नियमों के अनुसार जिला खेल कार्यालय में पंजीकरण शुल्क जमा कराने के लिए निर्देश दिए गए हैं।

**जिला उप क्रीडा अधिकारी ने 14 दिसंबर तक शुल्क को जमा कराने के लिए दिए निर्देश, शासन ने 27 जुलाई को दिए थे शुल्क वसूली करने के निर्देश**

उप क्रीडा अधिकारी हरफूल सिंह ने बताया कि प्रमुख सचिव खेल विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा इस सम्बंध में 27 जुलाई 2020 को दिशा निर्देश जारी किए थे, जिन पर जिम संचालकों को शुल्क के लिए कहा गया था। इसके पश्चात जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह के द्वारा 16 नवंबर 2022 को जारी निर्देशों के अनुसार जनपद के समस्त प्राइवेट जिम संचालनकर्ताओं को शासन की गाइड लाइन के अनुसार दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। उप क्रीडा अधिकारी हर फूल सिंह ने बताया कि जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति में जिम का वार्षिक पंजीकरण शुल्क 500 वर्ग फुट के ऊपर के लिए 15,000 रुपेय मात्र एवं 500 वर्ग फुट से नीचे के लिए 10,000 रुपये तय किया गया है। इस पंजीकरण शुल्क के तहत निर्धारित धनराशि को खेल विभाग के मानकों को पूर्ण करते हुए 14 दिसंबर 2022 तक जिला खेल कार्यालय में जमा कराए जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

# इटावा व जैतपुर में ग्रामीणों को दी जल संरक्षण की जानकारी

### भाजपा नेत्री नीलू शर्मा अपनी टीम के साथ गांवों में लोगों को किया जल बचाने को प्रेरित




फोटो बुलेटिन
जल संरक्षण कार्यक्रम में उपस्थित आयोजक व ग्रामीण।

**बुढ़ाना, 29 नवम्बर (बु.)।** स्थानीय ब्लॉक के गांव इटावा और गांव जैतपुर गढ़ी में मंगलवार के दिन सैंकड़ों ग्रामीणों को जल बचाव की जानकारी भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा मंडल बुढ़ाना की अध्यक्षा नीलू शर्मा और उनकी टीम के द्वारा दी गई। भाजपा नेत्री नीलू शर्मा ने बताया कि घरेलू काम जैसे दांत साफ करते समय, स्नान करते समय, बर्तन धोते समय और हाथों को धोते समय नल को बन्द रखें। नहाते समय साबुन लगाने के दौरान भी नल बन्द रखें और उतनी ही देर तक नल को खुला रखें, जितनी देर पानी साबुन निकालने के लिए आवश्यक हो।

**नल को रखें बंद**

नल बन्द होते समय पानी का तापमान बदलने के लिए एक मुड़ने वाला वाल्व लें और उसे फव्वारा नल के पीछे लगा दें। गर्म पानी के भरने के इंतजार में नल व फव्वारे से आने वाला ठंडा पानी बर्बाद न होने दें और उसे संग्रहित करें। इस पानी को फिर आप पौधों में भी डाल सकते हैं। वैसे तो गर्म पानी की टंकी में ठंडे पानी की टंकी के मुकाबले ज्यादा गाद व जंग होता है। इसके बावजूद भी यह पानी पीने योग्य होता है, जिस पर सभी ग्रामीणों ने यहां पर जल बचाने का संकल्प लिया। दोनों गांवों में गांव के प्रधान उपस्थिति देखने को मिली।

# तहसीलदार ने मतदान के लिए छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

### डीएवी डिग्री कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम

**बुढ़ाना, 29 नवम्बर (बु.)।** डीएवी डिग्री कॉलेज बुढ़ाना में मंगलवार के दिन बुढ़ाना तहसीलदार सतीश चंद्र बघेल ने छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए जागरुक किया, जिसमें मतदाता जागरूकता अभियान में कोई मतदाता नहीं छूटे उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें तहसीलदार सतीश चंद्र बघेल ने छात्र-छात्राओं को मतदान करने के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उन्होंने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन करके किया। यहां पर एक छात्रा ने अपने भाषण, दूसरी छात्रा ने कविता तथा तीसरी छात्रा ने एक गीत प्रस्तुत कर मतदान के प्रति सभी को जागरूक करने का काम किया। इसके अतिरिक्त कुछ छात्राओं ने सभी को एक नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता का अच्छा संदेश दिया। तहसीलदार सतीश चंद्र बघेल ने यहां पर सभी छात्र-छात्राओं को मतदाता संकल्प पर शपथ दिलाई और मतदान को जीवन का सबसे महत्वपूर्ण कार्य बताया। उन्होंने मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए विभिन्न पोर्टलों के नाम भी बताए, तो वहीं दूसरी ओर उन्होंने चुनाव वाले दिन मतदान करने के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। कॉलेज प्राचार्य ने छात्रों को मतदान की महत्ता बताई। इस कार्यक्रम में कालेज स्टाफ का भी सहयोग देखने को मिला।

## वोट न बनाने का लगाया आरोप

**कैराना, 29 नवंबर (बु.)।** मंगलवार को मौहल्ला खेलकला के वार्ड नंबर 22 के सभासद एवं भावी प्रत्याशी नौशाद ने एसडीएम शिव प्रकाश यादव को की गई शिकायत में बताया कि बीएलओ को 100 नई वोट बनाने के लिए फॉर्म जमा किए थे। नई वोटर लिस्ट में किसी के भी वोट नहीं बनाए गए हैं। एसडीएम ने बताया कि 5-6 दिन में अंतिम सूची का प्रकाशन किया जायेगा। एक साथ 100 वोट नहीं बन सकती।

## आईटीआई में 30 नवंबर को अप्रैन्टिसशिप मेला

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** मेरठ रोड पर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के कैम्पस में बुधवार को आयोजित होने वाले शिशिक्षु (अप्रैन्टिसशिप) मेले के आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

आईटीआई के प्रधानाचार्य मुकेश प्रताप सिंह ने बताया कि निदेशक प्रशिक्षण एंव सेवायोजन, उत्तर प्रदेश लखनऊ के निर्देशन में बुधवार (आज) को संस्थान के कैम्पस में प्रातः 10:30 बजे से 03:30 बजे तक अप्रैन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में जिले की प्रतिष्ठित औद्योगिक इकाईयों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। अप्रैन्टिसशिप मेले में व्यवसाय फिटर, इलैक्ट्रिशियन, मशीनिष्ट, टर्नर, इन्स्ट्रूमेन्ट मैकेनिक, मैकेनिक आरएसी, मैकेनिक मोटर व्हीकल, वैल्डर एवं वायरमैन के अतिरिक्त अन्य व्यवसायों के अभ्यार्थी भी प्रतिभाग कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रस्तावित अप्रैन्टिसशिप मेले में सम्मिलित होने के लिए पात्रता रखने वाले सभी अभ्यार्थियों को उनका में किया गया अप्रैन्टिसशिप पंजीकरण, हाईस्कूल अंकतालिका, सनद, आईटीआई अंक तालिका, सनद, आधार कार्ड, पैन कार्ड, मूल निवास एवं जाति प्रमाण पत्र प्रपत्रों की छाया प्रति साथ लाना अनिवार्य है।

# गांव अलीपुर अटेरना में हुई भाजपा की बैठक



### सीएम योगी की सभा में पहुंचने की तैयारी

**बुढ़ाना, 29 नवम्बर (बु.)।** मंगलवार के दिन बुढ़ाना ब्लॉक के अलीपुर अटेरना गांव में खतौली विधानसभा के उप चुनाव के सम्बंध में भाजपाइयों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ की जनसभा को खतौली विधानसभा क्षेत्र में सुनने के लिये गांव अलीपुर अटेरना में जोरदार तैयारी भाजपा पदाधिकारी और कार्यकताओं द्वारा की गई और पूरी टीम इसी कार्य में व्यस्त देखी गई।

यहां पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा बुढ़ाना मंडल के कार्यकर्ता कुलदीप कश्यप ने कहा कि खतौली विधानसभा क्षेत्र का पूरा कश्यप समाज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ महाराज के साथ तन, मन, धन से हैं। वे केंद्रीय मंत्री डॉ. संजीव बालियान के साथ खड़े हैं और बुधवार को उन्हीं के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी का स्वागत करेंगे। इस दौरान यहां पर भाजपा कार्यकताओं में मुख्य रूप से भूमि विकास बैंक बुढ़ाना के चेयरमैन विनोद सैनी, भाजपा मंडल पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष नंदन कश्यप, कुलदीप कश्यप, कालू कश्यप, मनोज कश्यप, नरेश कश्यप, कलवा कश्यप, योगी कश्यप, कश्मीरा कश्यप, मिन्टू कश्यप, फग्गन कश्यप आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# क्रांति सेना महिला विंग ने किया थाने पर प्रदर्शन

### बाबा रामदेव के खिलाफ दी थाने में तहरीर, आक्रोश

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** योग गुरु बाबा रामदेव की महिलाओं के खिलाफ की गई टिप्पणी के विरोध में देशभर में विरोध के स्वर मुखर हो रहे हैं। मंगलवार को इसी मुद्दे को लेकर क्रान्ति सेना महिला मोर्चा से जुड़ी महिलाओं ने सिविल लाईन थाने पर जाकर उग्र प्रदर्शन कर बाबा रामदेव के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग करते हुए तहरीर दी। थाना प्रभारी ने आवश्यक कार्यवाही का भरोसा संगठन को दिया है।

क्रांति सेना के प्रकाश मार्किट स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए क्रान्ति सेना महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पूनम चौधरी ने कहा कि योग गुरु बाबा रामदेव द्वारा महिलाओं के बारे मे जो अपमानजनक टिप्पणी की गयी वो देश की नारी शक्ति का अपमान है। महाराष्ट्र के योग कार्यक्रम में जहां पर शिवसेना व भाजपा के सांसद और मंत्री उपस्थित थे, उनके सामने बाबा रामदेव ने महिलाओं के बारे में अशोभनीय टिप्पणी सभी को शर्मसार किया है। इस अवसर पर महासचिव अंजु त्यागी एवं महानगर अध्यक्ष नेहा गोयल ने बाबा रामदेव की महिलाओं के प्रति अशोभनीय टिप्पणी को उनकी महिलाओं के प्रति गन्दी सोच बताकर आक्रोश जाहिर किया। इस दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने कहा कि बाबा रामदेव जैसी सोच वाले व्यक्तियों के कारण महिला विरोधी मानसिकता पनपती है।

मुख्य रूप से जिला सचिव शालिनी एवं नगर सचिव राखी प्रजापति, सहारनपुर मंडल अध्यक्ष अमित अग्रवाल बंटी, जिलाध्यक्ष आनन्द प्रकाश गोयल, शरद कपूर, अंजु त्यागी, अनीता चौधरी, शालिनी, मनु शर्मा, कंचन बाटला, नेहा गोयल, पूनम गर्ग, प्रेमलता शर्मा, राखी प्रजापति, मेनका, सरिता शर्मा, मीनू शर्मा, प्रीति जिंदल, बबीता, उर्मिला कश्यप, ममता, बृहमवती, इन्द्रेश, पारूल त्यागी, सुरेश कुमार बारी, नरेन्द्र ठाकुर, राजेन्द्र तायल, उज्जवल पंडित, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, विकास चौहान, आशीष मिश्रा, अजय सैनी, अंकित मचल, सुनील प्रजापति, सचिन धीमान, सतीश धीमान, प्रियांशु धीमान, सन्नी वर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




फोटो बुलेटिन
थाने पर प्रदर्शन कर बाबा रामदेव के खिलाफ आक्रोश प्रकट करते प्रदर्शनकारी।

## गैंगस्टर सोमपाल खंद्रावली को कोर्ट में किया पेश

**कैराना, 29 नवंबर (बु.)।** गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में कासगंज जेल में बंद गैंगस्टर सोमपाल खंद्रावली को कड़ी सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया गया। पेशी के बाद गैंगस्टर को कासगंज जेल के लिए रवाना कर दिया। कांधला कोतवाली क्षेत्र के गांव खंद्रावली के पूर्व ग्राम प्रधान सोमपाल अपने सगे भतीजे की हत्या एवं गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में कासगंज जेल में बंद हैं।

मंगलवार को पूर्व ग्राम प्रधान सोमपाल को कासगंज जेल से बंदी रक्षक गाड़ी में कैराना स्थित कचहरी में लाया गया, जहां पर पुलिस ने उसे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अपर जिला एवं सत्र न्यायालय में पेश किया। बताया गया है कि गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में कोर्ट ने पूर्व ग्राम प्रधान सोमपाल को तलब किया था, जिसके चलते उनकी कोर्ट में पेशी हुई। इस दौरान पुलिस के ओर से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए। कोर्ट में पेशी के बाद गैंगस्टर सोमपाल को कासगंज जेल के लिए रवाना कर दिया गया।

## कोर्ट की अवमानना का मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** नाबालिग का अपहरण कर रेप करने के आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने अदालत के आदेशों की अवमानना करने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर उसकी कुर्की की कार्यवाही शुरू कर दी है। नई मंडी थाने पर दर्ज कराई गई रिपोर्ट में एसआई राघवेन्द्र चैहान ने बताया कि अमित पुत्र कृष्णपाल निवासी भौराखुर्द के विरुद्ध नाबालिग किशोरी के अपहरण व रेप के आरोप में मुकदमा दर्ज है। एसआई ने बताया कि अदालत ने आरोपी के गैर जमानती वारंट करने के बाद उसको अदालत में पेश न होने पर 82 सीआरपीसी का नोटिस भी जारी किया था, लेकिन आरोपी ने अदालत में सम्पर्ण नहीं किया और अदालत के आदेशों की अवमानना की। उपनिरीक्षक ने आरोपी के विरुद्ध 174-ए में मुकदमा दर्ज कराया।

## कार की टक्कर से दो युवक घायल

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** कार की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में वहलना निवासी नरेन्द्र ने बताया कि उसका भाई प्रमोद अपने साथी अरुण के साथ बाइक पर सवार होकर जा रहा था। बीवीपुर के पास एक कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल से रैफर कर दिया। उनका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## भाकियू लोकशक्ति का स्थापना दिवस मनाया

**मुजफ्फरनगर, 29 नवंबर (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति परिवार मुजफ्फरनगर ने पांचवा स्थापना दिवस सम्मान समारोह के रूप में मनाया। किदवई नगर 40 फुटा रोड जिला कार्यालय पर आज भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के पांचवे स्थापना दिवस के अवसर पर भाकियू लोकशक्ति के प्रदेश महासचिव उत्तर प्रदेश डॉ. इसरार सैफी के नेतृत्व में चौधरी राजवीर सिंह की अध्यक्षता में भाकियू लोकशक्ति पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने केक काटकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति का पांचवां स्थापना दिवस मनाया।

## दो नाबालिग मजदूरों को मुक्त कराया

**शामली, 29 नवम्बर (बु.)।** बाल श्रम विभाग व एसटीयू थाने की पुलिस ने कैराना रोड स्थित एक कार रिपेयरिंग की गैराज में कार्य करते हुए दो नाबालिग किशोरों मुक्त कराया। श्रम विभाग द्वारा गैराज मलिक पर कार्यवाही की जायेगी। बढ़ते बाल श्रम पर अंकुश लगाए जाने के लिए शासन के निर्देश पर बाल श्रम विभाग द्वारा लगातार जिलेभर में अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अन्तर्गत मंगलवार को श्रम परिवर्तन अधिकारी विपलव दिक्षित व थाना एसटीयू की टीम ने कैराना रोड स्थित साबिर ऑटो मोबाईल पर छापा मारा, जहां पर टीम ने दो नाबालिग किशोरों को कार्य करते हुए पकड़ लिया। गैराज मालिक को टीम द्वारा सख्त चेतावनी दी गई। टीम ने पुलिस अभिरक्षा में हिरासत में लिए गये दोनों नाबालिगों का शामली के राजकीय चिकित्सालय में मेडिकल परीक्षण कराया। विप्लव दीक्षित ने बताया कि यदि जांच में किशोर नाबालिग पाये जाते हैं, तो गैराज मालिक पर कार्यवाही विभाग द्वारा जुर्माने सहित नियमानुसार कार्यवाही की गई है।

## मामौर झील मेड़ की मरम्मत कराई

**कैराना, 29 नवंबर (बु.)।** पूर्व में मामौर झील की क्षतिग्रस्त हो चुकी मेड़ की एसडीएम के निर्देश पर सर्वे लेखपाल ने मरम्मत कराई। किसानों के लिए आफत बन चुकी मामौर झील की समय-समय पर मेड़ टूटती रहती हैं। पिछले दिनों झील के पानी को रोकने के लिए लगाई गई मिट्टी की मेड़ झील के ओवरफ्लो होने के कारण टूट गई थी। जिस कारण मेड़ से धीरे-धीरे पानी रिसकर किसानों की फसलों में पहुंच रहा था। बताया गया हैं कि किसी किसान द्वारा हरियाणा के किसान की जमीन के नजदीक फावड़े से मिट्टी की मेड़ काट दी थी, जिस कारण हरियाणा के किसान की गेहूं की फसल जलमग्न हो गई थी। बुधवार को एसडीएम शिव प्रकाश यादव के निर्देश पर सर्वे लेखपाल फुरकान मौके पर पहुंचे तथा जेसीबी मशीन की मद्द से क्षतिग्रस्त मिट्टी की मेड़ की मरम्मत कराई। मेड़ क्षतिग्रस्त होने के कारण हरियाणा के किसान की करीब 50 बीघा गेहूं की फसल नष्ट हो गई।

## संत नामदेव महाराज रथयात्रा का स्वागत

**शामली, 29 नवम्बर (बु.)।** संत नामदेव महाराज की 752वीं जयंती के अवसर पर भव्य रथ एवं साइकिल यात्रा का नामदेव समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। संत नामदेव महाराज के जन्म स्थान पंढरपुर (महाराष्ट्र) से भारत भ्रमण करती हुई भव्य रथयात्रा मंगलवार को शामली पहुंची। यात्रा झिंझाना रोड पर आर.के. डिग्री कॉलेज के गेट पर पहुंची। नगर परिक्रमा के लिए यात्रा विजय चैक, फव्वारा चैंक, कबाड़ी बाजार, बड़ा बाजार तथा मेन रोड से होते हुए हनुमान धाम स्थित नामदेव मंदिर पहुंची। पंढरपुर से संत नामदेव की चरण पादुकायें भी लाई गई, जो कि इस यात्रा का विशेष आकर्षण रही। डॉ. पवन नामदेव, संदीप नामदेव, रजनीश नामदेव, नवीन नामदेव, संजय नामदेव, एड. जितेंद्र नामदेव, नितिन नामदेव, कैलाश चंद गोत्रा, श्रवण मस्ताना, सचिन नामदेव उपस्थित रहे।

## खतौली उपचुनाव को लेकर शराब बंदी का ऐलान

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** खतौली विधानसभा सीट पर 05 दिसंबर को होने जा रहे मतदान और 08 दिसंबर की मतगणना को लेकर शराब बंदी का ऐलान कर दिया गया है। मतदान की तिथि से पूर्व शराब, मदिरा और भांग की दुकानों को खतौली क्षेत्र के आठ किलोमीटर की परिधि में बंद रखा जाएगा।

जिलाधिकारी चंद्रभूषण सिंह ने मंगलवार को शराब बंदी का आदेश जारी कर दिया है। उन्होंने कहा कि खतौली उप चुनाव में मतदान की तिथि 05 दिसंबर को मतदान समाप्ति से 48 घंटे पूर्व से तथा मतगणना के दिवस 08 दिसंबर के दिन मद्य निषेध दिवस घोषित किया गया है। इस अवधि में लोक शांति बनाए रखने के साथ ही स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान कराए जाने के उद्देश्य से आबकारी दुकानों की बंदी एवं मादक वस्तुओं के उपभोग को प्रतिबंधित करने की कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी चंद्रभूषण ने अपने आदेश में बताया कि आबकारी अधिनियम की धारा-59 में मिले अधिकारों का प्रयोग करते हुए जनपद में खतौली उपचुनाव के लिए खतौली विधानसभा क्षेत्र के साथ ही इसके आठ किलोमीटर की परिधि में यह शराब बंदी का प्रतिबंध लागू होगा।

जिलाधिकारी ने अपने शराब बंदी के आदेश में बताया कि इसके तहत खतौली उपचुनाव से पूर्व तीन दिसंबर की सायं छह बजे से मतदान के दिन पांच दिसंबर की सायं छह बजे तक अथवा मतदान की समाप्ति तक तथा मतगणना के दिन आठ दिसंबर को मतों की गणना की समाप्ति तक मतगणना स्थल कृषि उत्पादन मण्डी समिति कूकड़ा से आठ किलोमीटर की परिधि में समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर की दुकानों के साथ ही सभी मॉडल शॉप को बंद रखा जाएगा।

## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 29 नवंबर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव ये रहेः- ढैया-1160-1225, रसकट ढैया-920-940, चाकू 1025-1208, लड्डू 1125-1271, खुरपापाड़ 1040-1084, शक्कर मसाला 1280-1305। आमद-6,000 मन।

## अरिहन्त ज्वैलर्स सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 29 नवंबर, (बु.)।** सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहेः-

| | |
|---|---|
| सोना- 53,000 | चांदी-62,000 |
| सिक्का- 750 | गिन्नी- 40,200 |

## आपका आज का राशिफल

**बुधवार, 30 नवंबर, 2022**

**मेष-** ग्रहस्थिति अनुकूल, स्वजनों-परिजनों से विचार-विमर्श, समस्या का समाधान, महत्वपूर्ण उपलब्धि, चिन्ताएँ कुछ कम होने को, बौद्धिक विकास, प्रसन्नता भी।
**वृषभ-** योजना साकार, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, सुयश की प्राप्ति, राजनैतिक रुझान, मौजमस्ती के निमित्त अधिक व्यय, धन की प्राप्ति।
**मिथुन-** निराशा का समापन, प्रभावशाली हस्तियों से सम्पर्क, सुसमाचार से खुशी, व्यय की अधिकता, स्थान-परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम उपस्थित।
**कर्क-** कार्य-व्यापार में असंतोष, योजना अधूरी, विचारों में उग्रता, दूसरों की गलतफहमी के शिकार, यात्रा विफल, मित्रों-परिजनों से मदभेद, विश्वासघात।
**सिंह-** सिद्धि का प्रयास सार्थक, आर्थिक लाभ, सुसमाचार की प्राप्ति, धन सम्पत्ति का मसला सुलझने की ओर, जीवनसाथी से सामंजस्य, आय के नवीन स्रोत, खुशी।
**कन्या-** विनियोजित धन का प्रतिफल, धर्म में आस्था, पत्नी के स्वास्थ्य के प्रति चिंता कुछ कम, राजनीतिक पक्ष से लाभान्वित, किसी के माध्यम से उपलब्धि, मन प्रसन्न।
**तुला-** नवयोजना पर कार्यारम्भ, धनागम का मार्ग प्रशस्त, इच्छित प्राप्ति में बाधा समाप्त, मेल-मिलाप में रुचि, कर्ज की अदायगी का प्रयास, परोपकार, यात्रा।
**वृश्चिक-** संकल्प विकल्प की स्थिति, व्यावसायिक निराशा, विश्वासघात की आशंका, स्पष्टवादिता घातक, निजी प्रतिभा से वंचित, हानि की आशंका।
**धनु-** व्यवसाय में उन्नति, स्वजनों-परिजनों के माध्यम से कुछेक मसला हल, सुख के जरूरी साधन सुलभ, बकाए धन की प्राप्ति, बौद्धिक क्षमता विकास, चित्त प्रफुल्लित।
**मकर-** परिस्थितियाँ सुधार पर, शिक्षा एवं प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, आपसी सौहार्द, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, आनन्द।
**कुम्भ-** ग्रहस्थिति भाग्य के अनुकूल, साहसिक प्रयास प्रगति पर, आकांक्षित सिद्धि में अनुकूलता, सामाजिक कृत्यों में अभिरुचि, मानसिक शांति, वाहन सुख ।
**मीन-** गतिरोध, पारिवारिक असंतोष , सुख में न्यूनता, सहयोगियों के गतिविधियों से मानसिक कष्ट, व्यर्थ भ्रमण, खर्च से परेशान, मानसिक तनाव।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी सम्पादिका-श्रीमति पूजा दुआ
☎ (प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन-9368549219 (नि.) 7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail : muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com



1973-2022

सम्पादक की क़लम से

## कश्मीर फाइल्स और इजराइल

इजराइली फिल्म मेकर नदाव लैपेड ने "द कश्मीर फाइल्स" को वल्गर और प्रोपेगेंडा फिल्म बताया है, लेकिन लैपेड के बयान पर इजराइल के राजदूत नाओर गिलोन ने उन्हें फटकार लगाई है, गिलोन ने बयान पर खेद जताते हुए कहा कि मुझे आपके बयान पर शर्म आती है। लैपेड, इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया के जूरी हेड हैं। सोशल मीडिया पर भी इजराइली फिल्म मेकर पर भारतीय दर्शकों की टिप्पणियां चल रही हैं। यह भी ध्यान देने योग्य है कि इजराइल से भी लैपेड के खिलाफ टिप्पणियाँ चल रही हैं। फिल्म फेस्टिवल में लैपेड जब यह बात कह रहे थे, तब केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर सहित कई बड़े नेता भी मौजूद थे। लैपेड के बयान पर अभिनेता अनुपम खेर और फिल्म मेकर अशोक पंडित ने विरोध जताया है। खेर ने कहा कि लैपेड को सदबुद्धि दे भगवान। पंडित ने कहा कि कश्मीर फाइल्स को अश्लील नहीं कहा जा सकता है। उधर फिल्म फेस्टिवल की जूरी ने भी इस बयान से दूरी बना ली है। जूरी ने कहा कि यह लैपेड की निजी राय है। लैपेड ने अपना बयान इस तरह दिया,"द कश्मीर फाइल्स फिल्म देखकर हम सभी डिस्टर्ब और हैरान थे। यह फिल्म हमें अश्लील और प्रोपेगेंडा बेस्ड लगी। इतने प्रतिष्ठित फिल्म समारोह के लिए ये फिल्म उचित नहीं है। मैं आप लोगों के साथ अपनी फीलिंग को खुले तौर पर इसीलिए शेयर कर सकता हूं, क्योंकि इस समारोह की आत्मा ही यही है कि हम यहां आलोचनाओं को स्वीकार करते हैं और उस पर चर्चा करते हैं। इस समारोह में हमने डेब्यू कॉम्पिटिशन में 7 फिल्में देखीं और इंटरनेशनल कॉम्पिटिशन में 15 फिल्में देखीं। इसमें से 14 फिल्म सिनेमैटिक फीचर्स वाली थीं। 15वीं फिल्म द कश्मीर फाइल्स हम सभी को परेशान और हैरान करने वाली थी"। अनुपम खेर ने कहा कि यदि कश्मीर में हुआ ये प्रलय सही है, तो कश्मीरी पंडितों का पलायन भी सही है। टूलकिट गैंग एक बार फिर एक्टिव हो गया है। यह पूरी तरह से प्री-प्लांड लगता है। इससे पहले उन्होंने एक ट्वीट भी किया। इसमें उन्होंने फिल्म से जुड़ी कुछ तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें उन्होंने लिखा, झूठ का कद कितना भी ऊंचा क्यों ना हो, सत्य के मुकाबले में हमेशा छोटा ही होता है। लैपेड का यह बयान सोशल मीडिया में वायरल हो गया है। उनके इस बयान की कई लोगों ने निंदा की है। फिल्म मेकर अशोक पंडित ने कहा कि फिल्म के लिए इस्तेमाल की गई लैपेड की इस भाषा पर मुझे कड़ी आपत्ति है। 3 लाख कश्मीरी हिंदुओं के नरसंहार को चित्रित करना अश्लील नहीं कहा जा सकता। मैं एक कश्मीरी पंडित के रूप में इस बेशर्म बयान की निंदा करता हूँ। एक्टर दर्शन कुमार ने भी फिल्म में अहम किरदार निबाहा है। लैपेड के बयान पर उन्होंने कहा कि किसी भी फिल्म को देखने के बाद हर व्यक्ति की अपनी राय होती है, लेकिन इस फैक्ट से इनकार नहीं किया जा सकता कि कश्मीर फाइल्स एक ऐसी फिल्म है, जिसमें कश्मीरी पंडितों की दुर्दशा के बारे में बताया गया है। ये लोग अभी भी आतंकवाद के खिलाफ न्याय के लिए लड़ रहे हैं, इसलिए यह फिल्म अश्लीलता पर नहीं, बल्कि वास्तविकता पर है। 11 मार्च 2022 को रिलीज हुई फिल्म 'द कश्मीर फाइल्स' 1990 में हुए कश्मीर विद्रोह पर आधारित है। फिल्म में कश्मीरी हिंदुओं के पलायन और नरसंहार की दर्दनाक कहानी को दर्शाया गया है। अनुपम खेर, पल्लवी जोशी और मिथुन चक्रवर्ती जैसे स्टार्स ने लीड रोल निभाया है। कश्मीर फाइल्स ने अच्छा कारोबार किया था। इसने बॉक्स ऑफिस पर 290 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई की थी। प्रधानमन्त्री मोदी ने भी फिल्म की तारीफ की थी। प्रधानमन्त्री मोदी ने बीजेपी संसदीय दल की बैठक में फिल्म की तारीफ की थी। उन्होंने कहा था कि ऐसी फिल्में बनती रहनी चाहिए। इनसे सच उजागर होता है। फिल्म में जो दिखाया गया है, कश्मीर के उस सच को दबाने की कोशिश की जाती रही है। सब फ्रीडम ऑफ स्पीच की बात करते हैं। इस देश में इमरजेंसी जैसी बड़ी घटना हुई, लेकिन इस पर कोई फिल्म नहीं बनीं। क्योंकि सत्य को बताने का लगातार प्रयास नहीं हुआ। फिल्म को न्यूजीलैंड में बैन कर दिया गया, पहले फिल्म को ए सर्टिफिकेट के साथ रिलीज की मंजूरी मिल गई थी, लेकिन मुस्लिम समुदाय की मांग पर हुई समीक्षा के बाद सेंसर बोर्ड ने फिल्म पर रोक लगाने का फैसला किया था। सिंगापुर में भी बैन हुई थी, विवेक अग्निहोत्री की यह फिल्म सिंगापुर में रिलीज होने वाली थी, लेकिन वहां के सेंसर बोर्ड ने फिल्म को बैन कर दिया था। इस खबर के आने के बाद कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने विवेक और भाजपा पर तंज कसा था। उन्होंने कहा था कि फिल्म में मुसलमानों की गलत इमेज होने और कश्मीर में चल रहे संघर्ष में हिंदुओं को सताए जाने का एकतरफा पोर्ट्रेयल है। यह फिल्म कई कम्युनिटी के बीच दुश्मनी पैदा करने और भाईचारे को नुकसान पहुंचाने की क्षमता रखती है। लैपेड के बयान पर भारत में इसराइल के राजदूत नओर गिलोन ने भारत से माफी मांगी है और कहा है कि भारत की मेजबानी और दोस्ती के बदले लैपेड के इस तरह का बयान देने पर मैं शर्मिंदा हूँ और माफी मांगता हूँ। सिलसिलेवार ट्वीट कर गिलोन ने नदाव लैपेड के नाम एक खुला पत्र लिखा। इसमें उन्होंने कहा, नदाव लैपेड के कश्मीर फाइल्स को लेकर दिए गए बयान और उसे लेकर आलोचना पर मेरा नदाव को खुला पत्र। मैं ये खत हिब्रू में नहीं लिख रहा हूँ, क्योंकि मैं चाहता हूँ कि मेरे भारतीय भाई और बहन मेरी बात समझें। ये खत थोड़ा लंबा है, इसलिए पहले मैं मुद्दे की बात कह देता हूँ, नदाव लैपेड, आपको शर्म आनी चाहिए। भारतीय संस्कृति में कहा जाता है कि मेहमान भगवान होता है। आपने जजों के पैनल की अध्यक्षता करने के भारतीय निमंत्रण का दुरुपयोग किया है। साथ ही भारत ने आप पर जो विश्वास किया, आपका सम्मान और आतिथ्य सत्कार किया ये उसका अपमान है। हमारे भारतीय दोस्तों ने फौदा सिरीज के अभिनेता लियो रैज और निर्माता एवी इजाशैरोफ को भी बुलाया था, ताकि इस सीरीज को सेलिब्रेट किया जाए। मुझे लगता है आपको बतौर इसराइली आमंत्रित करने का एक कारण ये भी था। एक होलोकास्ट सर्वाइवर का बेटा होने के नाते आपके बयान पर भारत में जो प्रतिक्रिया आई, उससे मैं बेहद दु:खी हूँ। हम कश्मीर के मुद्दे पर संवेदनशील हैं।

### चार तीर

-सुनील 'उत्सव'

"साहित्य" "गजल" "कहानी" "विधा"

नाम से साहित्य के अब नित नये धन्दे खुले,  
धूर्तों ने दे 'प्रशस्ति' नाम मैला कर दिया।  
है गजल से शेर गायब और कहानी में कथा,  
मूर्खों ने हर विधा पर यूँ नियंत्रण कर लिया।

# मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय दो दिवसीय प्रतियोगिता संपन्न

**➔श्री राम कॉलेज विजेता व एसडी कॉलेज बना उपविजेता ➔एसडी कॉलेज का अर्जुन बना सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी**

मुजफ्फरनगर, 29 नवंबर (बु.)। स्थानीय चौधरी छोटूराम पीजी कॉलेज में मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय महाविद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता के दूसरे दिन लीग मैच खेले गए, इस दौरान बीते दिवस अपने-अपने पूल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर चार टीमें चौधरी छोटूराम महाविद्यालय, श्रीराम कॉलेज, एसडी कॉलेज मुजफ्फरनगर, बीएसपी राजकीय कॉलेज कैराना की टीमें लीग मुकाबले में पहुंची, लीग मैचों के आधार पर श्री राम कॉलेज 6 अंक लेकर विजेता घोषित हुआ। एसडी कॉलेज 4 अंक पाकर उपविजेता घोषित हुआ तथा तीसरे नंबर पर बीएसपी कॉलेज कैराना 2 अंक पाकर रही। समापन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एमएलसी वंदना वर्मा रही, अंतिम मुकाबले में खेल रही चौधरी छोटूराम व श्रीराम कॉलेज की टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

तत्पश्चात विजेता तथा उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को पदक व ट्रॉफी प्रदान कर दोनों टीमों का उत्साहवर्धन किया प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी एसडी कॉलेज के अर्जुन को घोषित किया गया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों के जोश को नमन करते हुए, पराजित टीम को निराश न होने की नसीहत दी। साथ ही सभी खिलाड़ियों को फिट रहने की सलाह दी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स ऑफिसर प्रो एसएन सिंह ने चयनित खिलाड़ियों को मुश्किलों को ही रास्ते बनाने की सलाह दी साथ ही विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स काउंसिल के चेयरमैन नरेश मलिक के खेल के प्रति गहरे लगाव को तथा प्रतियोगिता के आयोजन पर बधाई दी। इस अवसर पर मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय की पुरुष कबड्डी टीम का चयन किया। इसमें एसडी कॉलेज के अर्जुन कुमार, आदित्य कुमार, अक्षय कुमार सन ऑफ अमित कुमार को स्थान मिला। श्रीराम कॉलेज मुजफ्फरनगर के आर्यन बालियान, मोहित बालियान, वर्धन कुमार एवं अभिषेक कुमार को स्थान मिला, छोटूराम डिग्री कॉलेज के विशु, यश कुमार,



विश्वास को स्थान प्राप्त हुआ। वीएसपी कॉलेज कैराना से शुभम मलिक को स्थान मिला। विश्वविद्यालय की टीम में 12 खिलाड़ी तथा पांच खिलाड़ी प्रतीक्षा सूची में रखे गए। चयन समिति मे प्रतियोगिता के आयोजन सचिव डॉ. सहदेव मान, विश्वविद्यालय के टीम ऑब्जर्वर्स डॉ. सोनाली सिंह, टीम सेलेक्टर डा हरेंद्र खोकर व स्पोर्ट्स काउंसिल के चेयरमैन प्रो. नरेश मलिक की अध्यक्षता में चयन किया गया। महाविद्यालय में प्रतियोगिता के सफल आयोजन में प्रो. विजय ढाका, आईजे सिंह, आरके सिंह ,एके सिंह, जीआर सिंह, संदीप कुमार, ओमवीर सिंह एसके सिंह, जीआर किशोर, हरिओम शर्मा ,एस दास, वंदना लूथरा, रेखा वाधवानी ,ऐश्वर्या राय, दुष्यंत कुमार, राहुल राठी, भूपेंद्र सिंह, रवीश कुमार वर्मा, जॉनी कुमार, शशांक ,टेशू कुमार, एसएस राठौर एवं सभी शिक्षक व अन्य कर्मचारियों का सहयोग रहा। कार्यक्रम संचालन डॉ. अरुण कुमार एवं डॉ. केपी सिंह ने संयुक्त रूप से किया।



## डीएवी कॉलेज में मनाया गया आपदा प्रबंधन न्यूनीकरण दिवस

मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)। मंगलवार को स्थानीय आर्य समाज रोड स्थित डीएवी इंटर कॉलेज में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से 33वां अंतर्राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस मनाया गया। इस अवसर सर पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने प्रकृति की मानवीय आपदा से बचने से संबंधित पोस्टर बनाए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुनील कुमार शर्मा ने कार्यक्रम के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें किस प्रकार प्राकृतिक आपदाओं से निबटना चाहिए। उन्होंने बताया कि मानवीय आपदाओं के लिए हम मानव जाति ही सब दोषी हैं, क्योंकि हमने ही प्राकृतिक संसाधनों का अत्याधिक दोहन किया है, इसलिए हम सबको प्रण लेना है कि हम प्राकृतिक संसाधनों का दुरूपयोग नहीं करेंगे। इस कार्यक्रम के संयोजक कला प्रवक्ता प्रवीण कुमार सैनी ने बताया कि प्रतिभागियों ने अपने चित्रों में चित्रित किया कि मानव किस प्रकार अपनी प्राकृतिक संसाधनों दोहन करता है। हमे क्या क्या नहीं करना है,। इस अवसर पूजा, रचना, सिमरन, रुचिका नेहा तेजयान, पल्लवी, दिशा, वन्दना, कशिश, वंश नन्दनी, आर्यन, हर्षित, सन्नी अर्जुन, राजन, अक्षय, हर्ष, वंश, अजय, रोहित, शिवम, मो0 शाबान, अबुजर, आदित्य, अभिषेक ने कला प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

## ऑल इंडिया कराटे चैम्पियनशिप में मुजफ्फरनगर के खिलाडियों का जलवा

मुजफ्फरनगर, 29 नवंबर (बु.)। नोएडा स्थित इन्डोर स्टेडियम में आयोजित छठा रॉयल चैलेन्ज कप इण्डिया कराटे चैम्पियनशिप में मुजफ्फरनगर से इन्डो सितोरियू कराटे डो. आगेनाईजेशन के सात खिलाडियों ने प्रतिभाग कर दो सिल्वर व चार ब्रॉन्ज मैडल व एक चैम्पियन ट्राफी अपने नाम कर जिले व स्टेट का नाम रोशन किया, इन्डो सितोरियू कराटे डो० आगेनाईजेशन के चीफ इण्डिया शिहान राजेश कौशिक के अनुसार बीते दिवस नोएडा में आयोजित आल कराटे चैम्पियनशिप में आदित्य कराटे स्कूल के सात खिलाडियों ने प्रतिभाग किया, जिसमें आदित्य धनराज कौशिक ने सीनियर काता इवेन्ट में चैम्पियन ट्राफी अपने नाम कर मु0नगर व अपने राज्य का नाम रोशन किया वहीं गर्ल्स में ईवा सिंह ने काता व कुमिते (फाईट) का प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मैडल हासिल किया व नमरा नोशाद ने फाईट में ब्रॉज मैडल हासिल किया। वहीं ब्वायज में शबाब आलम ने काता में व कुमिते में ब्रॉज मैडल व अनस जमान ने भी शानदार फाईट का प्रदर्शन कर सिल्वर मैडल व कार्तिके वत्स ने फाईट में सिल्वर मैडल व अन्डर13 में प्रज्ञान पंवार ने भी फाईट में शानदार प्रदर्शन कर ब्रॉज मैडल पर अपना कब्जा किया।

# शाहपुर के पहलवान प्रवीण कुमार ने जीता गोल्ड मेडल

शाहपुर, 29 नवम्बर (बु.)। राष्ट्रीय इंटर कॉलेज की अमरनायक स्पोर्ट्स एकेडमी के पहलवान प्रवीण बालियान ने राष्ट्रीय सीनियर ग्रेपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। राष्ट्रीय इंटर कॉलेज की अमरनायक स्पोर्ट्स एकेडमी के कुश्ती कोच प्रवीण बालियान ने गोंडा के नंदिनी नगर विश्वविद्यालय में 24 से 27 नवंबर तक आयोजित राष्ट्रीय सीनियर ग्रेपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता 77 किग्रा भार में सेमीफाइनल में आगरा के पहलवान कोमल सिंह बघेल को 0-10 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में पहलवान की कुश्ती हरियाणा के सुमित पहलवान से हुई, जिसमें अमरनायक स्पोर्ट्स एकेडमी के पहलवान ने हरियाणा के पहलवान को 0-8 के स्कोर से पराजित कर राष्ट्रीय स्तर की ग्रेपलिंग कुश्ती प्रतियोगिता में




स्वर्ण पदक हासिल किया। पहलवान द्वारा स्वर्ण पदक हासिल करने पर अन्य पहलवानों व क्षेत्र में खुशी की लहर है। प्रतियोगिता की अध्यक्षता भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह ने की।

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे दो लड़के दिशू कुमार व दीपक कुमार पुत्रगण रोहताश सिंह है, दोनों शादीशुदा हैं, जो आये दिन मेरे व मेरी पत्नी शकुन्तला देवी के साथ झगड़ा फिसाद पर उतारू रहते है व मेरे व मेरी पत्नी की सेवा व देखभाल नहीं करते हैं और मेरे कहने-सुनने में नहीं है तथा मेरे पुत्रों व मेरी पुत्रवधु की चाल चलन ठीक नहीं है। मैं दिशु कुमार व पुत्रवधु संगीता व दीपक कुमार व पुत्रवधु जया कुमारी को अपनी चल-अचल सम्पत्ति व अपने व अपने परिवार से बेदखल करता हूँ। वे अपने अच्छे-बुरे कार्य के प्रति स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार का मेरे दोनों लड़कों दिशु कुमार व दीपक कुमार व उनकी पत्नी संगीता व जया कुमारी से कोई मतलब वास्ता नहीं है और न ही भविष्य में होगा।

**रोहताश सिंह** पुत्र जहान सिंह
निवासी : ग्राम डूंगर, थाना फुगाना, तहसील बुढ़ाना, जिला मुजफ्फरनगर

## उपचुनाव स्वाभिमान और किसानों के मुद्दों को लेकर : जयंत सिंह

जानसठ, 29 नवम्बर (बुस.)। रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने कहा कि विधानसभा का उपचुनाव सरकार बनाने या हटाने के लिए नहीं हो रहा है बल्कि स्वाभिमान और किसानों के मुद्दे को लेकर हो रहा है। थाना क्षेत्र के गांव तिसंग में नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अभी तक गन्ने का मूल्य घोषित नहीं किया गया है। चुनाव परिणाम यदि गठबंधन के पक्ष में आया, तो सरकार गन्ना मूल्य घोषित करने पर मजबूर होगी। रालोद अध्यक्ष जयंत सिंह ने भरोसा जताया कि उपचुनाव में गठबंधन की जीत निश्चित है। कहा कि दंगे कराने वाले लोग बिल्कुल बर्दाश्त नहीं है। सतबीर सिंह, मन्नवर अली, मोहम्मद शाहदीन, मांगे हसन, मोहम्मद रुकमदीन, दिलशाद, ओमबीर सिंह, पूर्व मंत्री राजपाल सैनी,पूर्व जिलापंचायत अध्यक्ष इरशाद गुर्जर, डॉ मेजर हिमांशु, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभात तोमर, रालोद जिलाध्यक्ष संदीप तोमर, पूर्व जिलाध्यक्ष अजित राठी सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## भारतीय किसान यूनियन राष्ट्रीय युवा इकाई की बैठक संपन्न

सिसौली, 29 नवंबर (बु.)। भारतीय किसान यूनियन की राजधानी सिसौली में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन की युवा विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौ. गौरव टिकैत की अध्यक्षता में क्षेत्र के युवाओं की बैठक का आयोजन किया गया। भाकियू मुख्यालय पर आयोजित बैठक मे राजनैतिक, अराजनैतिक, आरटीआई व सामाजिक कार्यकताओं ने भागीदारी की। भारतीय किसान यूनियन मुख्यालय पर आयोजित बैठक में युवा अध्यक्ष चौ. गौरव टिकैत ने बताया कि आगामी 23 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री चौ. चरण सिंह की जयंती पर किसान भवन पर युवा भारत के भविष्य पर महामंथन करने हेतु युवाओं की कार्य योजना सम्बन्धी बैठक का बड़े स्तर पर आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मुजफ्फरनगर के अलावा आसपास के क्षेत्र एवं प्रदेश के युवा हिस्सा लेंगे। उक्त बैठक में भाकियू नेता शुभम मलिक ने कहा कि सभी युवाओं को जगाने के लिए हमें प्रत्येक युवा को सरकार की गलत नीतियों व अग्निवीर जैसी योजनाओं के सही आंकड़े बताने होंगे। उन्होंने युवाओं से कहा की आरटी आई लगाना सीखना होगा। सरकार से सही आंकड़े निकालने होंगे। युवाओं को सोशल मीडिया के जरिये क्रांति लानी होगी। उन्होंने कहा कि अब सोशल मीडिया से युवाओं को जाग्रत करना होगा। बैठक में अजय सिसौली ने कहा कि सबसे पहले गली-गली, नुक्कड़-नुक्कड सभाए कर के युवाओं को जागृत करना पड़ेगा, जिससे कि ज्यादा से ज्यादा युवा कार्यक्रम में पहुँच सके। बैठक का संचालन अनुज बालियान हड़ौली ने किया। बैठक में मुख्य रूप से अनुराग चौ. जिलाध्यक्ष मेरठ, अजय सिसौली, चौ. हर्ष, सूरज बालियान, अभिजीत बालियान, अंकित दांगी, तनुज बालियान बड़ी संख्या में युवा शामिल रहे।

## एससी-एसटी एक्ट में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

चरथावल, 29 नवम्बर (बु.)। पुलिस ने एससी/एसटी अधिनियम में वांछित चल रहे 2 अभियुक्तगणों को दधेडू चैकी से आगे निमार्णाधीन पुल के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गये दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। 25 नवम्बर को वादी द्वारा थाना चरथावल पर लिखित तहरीर देकर अवगत कराया गया कि अभियुक्तगण शहजाद व सनब्बर द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर वादी के घर में घुसकर वादी व वादी की पत्नी के साथ गाली गलौज व मारपीट करते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करने की घटना कारित की गयी थी। वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना चरथावल पुलिस द्वारा सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। मंगलवार को चरथावल प्रभारी निरीक्षक राकेश शर्मा के नेतृत्व में कुटेसरा चैकी प्रभारी सन्दीप कुमार एवं कुटेसरा चैकी प्रभारी वरुण तेवतिया ने मुखबिर की सूचना पर वांछित आरोपी शहजाद पुत्र कल्वा उर्फ मुस्तकीम व सनब्बर पुत्र खेरुद्दीन निवासी ग्राम कुल्हेड़ी को दधेडू चैकी से आगे निमार्णाधीन पुल के पास से गिरफ्तार किया है। इसमें पकड़े गये दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। पूर्व में भी दोनों अपराधियों पर कई मुकदमे दर्ज है। मुजफ्फरनगर एसएसपी विनीत जायसवाल ने आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी दी है।

# पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व मैनेजर ने कोर्ट में किया सरेंडर

**-अंतिम समय आरोपी के अधिवक्ता ने सरेंडर प्रार्थना-पत्र लिया वापस**
**-5 लाख रुपये खाते में नहीं जमा कराने का आरोप**

कैराना, 29 नवंबर (बु.)। 5 लाख रूपयों की धोखाधडी करने के मुकदमें में पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व मैनेजर ने कोर्ट में सरेंडर किया। वहीं शाखा प्रबंधक के अधिवक्ता ने अंतिम समय सरेंडर प्रार्थनापत्र कोर्ट से वापस उठा लिया। वही आरोपी के ऊपर धोखाधडी को एक अन्य मुकदमा भी दर्ज है। मंगलवार को पंजाब नेशनल बैंक के पूर्व मैनेजर अंकुश शर्मा ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में अपने अधिवक्ता के माध्यम से सरेंडर प्रार्थनापत्र दाखिल किया, इस दौरान आरोपी मैनेजर को कोर्ट में बैठा लिया गया। मैनेजर के विरूद्ध 8 मार्च 2022 को मौहल्ला अंसारियान स्थित मैसर्स दाऊद एंव किरयाना स्टोर के मालिक दाऊद अली ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी, कि जून 2021 को उसने मैनेजर अंकुश शर्मा को खाते में जमा कराने के लिए 5 लाख रुपए दिए थे। मैनेजर ने कहा था कि उसका खाता बंद चल रहा है। वह 8 दिन में खाता चालू करके उसमें रुपए जमा कर देगा। आरोपी ने एक स्टांप पर 5 लाख जमा की रसीद लिख कर दी, लेकिन न तो उसका खाता चालू हुआ और न ही खाते में रुपए जमा हुए। 19 जौलाई 2021 को आरोपी का हरियाणा के सोनीपत में ट्रांस्फर हो गया। हरियाणा जाने के बाद आरोपी ने उसके रुपए वापस करने से इंकार कर दिया और फोन पर धमकी देने लगा, इसके अलावा 4 मई 2022 को भी अकबर अब्बास जैदी ने मैनेजर अंकुश शर्मा सहित 5 आरोपियों के विरूद्ध लाखो की धोखाधडी का मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं कोर्ट द्वारा जेल भेजे जाने के डर से मैनेजर के अधिवक्ता ने अपराह्न करीब 3 बजे अदालत से सरेंडर प्रार्थनापत्र वापस ले लिया, जिसके बाद पूर्व मैनेजर वहा से चला गया।

## पन्नी कचरे को लेकर प्रदूषण कार्यालय पर भूख हड़ताल

मुजफ्फरनगर, 29 नवंबर (बु.)। जनपद में पन्नी कचरे को लेकर लंबे समय से कार्यरत आरटीआई कार्यकर्ता सुमित मलिक ने समस्या का समाधान न होने के चलते अब नई मंडी स्थित जिला प्रदूषण विभाग कार्यालय पर भूख हड़ताल शुरू कर दी। मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे सुमित मलिक ने आरोप लगाया कि मुजफ्फरनगर में प्रदूषण वास्तव में जनपद में संचालित उद्योग इकाइयों द्वारा पन्नी कचरा जलाकर किया जा रहा है। बाहरी जनपद व अन्य राज्यों से जिलों से पन्नी कचरा आता है। उन्होंने बताया कि रात्रि के समय जनपद मुजफ्फरनगर में प्रवेश करता है। पुलिस प्रशासन अवैध रूप से लाए गए ऐसे कचरे को नहीं पकड़ता। पिछले 2 सालों में कई औद्योगिक इकाइयों के विरुद्ध कानूनी करवाई गई, लेकिन उसके बावजूद उद्योग पन्नी, कचरा जलाकर प्रदूषण फैला रहे हैं। इससे आम नागरिक बीमार पड़ रहे हैं। प्रदूषण विभाग सख्त कार्यवाही नहीं कर पा रहा है। जिन पेपर मिलों में पन्नी कचरा जलता पकड़ा गया उन पर सील भी लगी, लेकिन कुछ समय के अंतराल में औपचारिकता पूर्ण करके पेपर मिल की सील खोल दी गई। उनका आरोप है कि इस षड़यंत्र में कई सत्ता पक्ष के नेता भी शामिल हैं, जो अपने निजी स्वार्थ को देखते हुए पेपर मिल मालिकों की मदद करते हैं। उनका का आरोप है कि बुधवार को मुजफ्फरनगर की खतौली विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी का प्रचार करने आने वाले प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने मुजफ्फरनगर में सरकारी रिकवरी घोटालों व भ्रष्टाचार के संदर्भ में प्रार्थना पत्र देते हुए प्रदूषण से मुक्ति की मांग की जाएगी।

## अरविंद त्यागी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भ्रमण किया

मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बुस.)। खतौली विधान सभा के उपचुनाव में 30 नवंबर को उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ चुनाव का बिगुल बजाने आ रहे हैं। कार्यकर्ता उल्लास के साथ मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने की तैयारियों में लगे हुए हैं और खतौली विधानसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी के पक्ष में जगह-जगह जाकर गणमान्य लोगों से वोट एवं समर्थन मांग रहे हैं। आज शाहपुर ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भ्रमण किया और 30 नवंबर को खतौली के मंडी स्थल में होने वाली विशाल रैली में क्षेत्र के मतदाताओं को आने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि उन्होंने आज दर्जनों गांवों में जाकर राजकुमारी के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता का राजकुमारी को पूरा समर्थन मिल रहा है। श्री त्यागी ने कहा कि मुख्यमंत्री की रैली ऐतिहासिक होगी, त्यागी समाज के भी हजारों लोग इस रैली में पहुंचेंगे और अपने प्रिय नेता उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विचारों को सुनेंगे। उनके साथ भ्रमण में पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौरव त्यागी सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।






# हिंद की चादर गुरु तेग बहादुर का शहीदी दिवस मनाया

**इस्लाम कुबूलने के बजाय धर्म की रक्षा के लिए दिए थे प्राण**

मुजफ्फरनगर, 29 नवंबर (बु.)। सूरा सो पहचानिए जो लड़े दीन के हेत-औरंगजेब की इस्लाम कुबूल करने की धमकी के आगे झुकने के बजाय अपने धर्म की रक्षा आन-बान और शान के लिए अपनी जान कुर्बान करने वाले हिंद की चादर नाम से ख्यात गुरू तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस गुरुद्वारा श्री गुरूसिंह सभा में मनाया गया। इस अवसर पर दीवान सजाया गया और संगतों को गुरबानी से निहाल किया गया। गुरू तेग बहादुर जी का शहीदी दिवस गुरुद्वारा श्री गुरूसिंह सभा में सोमवार शाम विशेष दीवान सजाया गया। नौवें सिख गुरु गुरु तेग बहादुर सिख धर्म के संस्थापकों में से एक थे। इस मौके पर बताया गया कि मुगल शासक औरंगजेब के आदेश पर 24 नवंबर 1675 को गुरु तेग बहादुर की हत्या की गई थी। औरंगजेब ने उनको सिख धर्म छोड़कर इस्लाम धर्म स्वीकार करने का दबाव डाला था। लेकिन गुरु तेग बहादुर जी उसके दबाव के आगे नहीं झुके। उन्होंने धर्म परिवर्तन की बजाय शहादत को चुना। गुरु तेग बहादुर धर्म की रक्षा के लिए स्वयं को बलिदान करने देने वाले उच्च व्यक्तित्व थे। उन्होंने अपने सर्वोच्च बलिदान से सभी के लिए धार्मिक स्वतंत्रता का बड़ा संदेश दिया। भाई मतिदास, भाई दियाला जी और भाई सतीदास ने भी उनके साथ अपने जीवन का बलिदान दिया। बिलासपुर के भाई सतनाम सिंह ही शौंकी ने गुरबानी से निहाल किया। इस मौके पर श्री गुरू सिंह सभा के तमाम पदाधिकारी व सिख संगतों ने भाग लिया।

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, मुजफ्फरनगर**

पत्रांक : 1526/सा.प्र./2022-23 | दिनांक : 29-नवम्बर-2022

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर के वाटिका विभाग द्वारा नगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर ठण्ड से बचाव हेतु अलाव की व्यवस्था किये जाने के लिए सूखी लकड़ी की आपूर्ति लिये जाने हेतु अल्पकालीन निविदा दिनांक – 07/12/2022 को अपराह्न 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं इस कार्य को अनुभवी ठेकेदार/सप्लायर्स निविदा के साथ व्ययानुमान की 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि नगद अथवा एफ.डी.आर./एन.एस.सी. आदि के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर के नाम बन्धक होगी, जमा कराया जाना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र एक दिन पूर्व प्रात: 10:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक निर्धारित मूल्य के साथ जमा कर कार्यालय नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर के रिकॉर्ड रूम से क्रय किये जा सकते हैं। अन्य विवरण एवं शर्ते किसी भी कार्य दिवस में नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर के रिकार्ड रूम से ज्ञात की जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक – 08/12/2022 की सायं 04:00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदय के समक्ष खोला जायेगा तथा निविदा खोले जाने वाली दिनांक को सार्वजनिक अवकाश एवं विषम स्थिति उत्पन्न होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में सायं 04:00 बजे खोली जायेगी। किसी भी एक अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार प्रशासक महोदय में निहित है।

| क्र.स. | सामग्री का विवरण | व्ययानुमान मय जी.एस.टी. | धरोहर राशि (रुपये में) 10 प्रतिशत | निविदा मूल्य 18 प्रतिशत जी.एस.टी. सहित | आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सूखी लकड़ी की आपूर्ति। | 5,00,000/- रु. मय जी.एस.टी. | 50,000/- रु. | 300 + 54 = 354/- रु. | वित्तीय वर्ष 2022-23 में आवश्यकतानुसार |

वाटिका प्रभारी | अधिशासी अधिकारी | नगर मजिस्ट्रेट/प्रशासक

**कार्यालय नगरपालिका परिषद, मुजफ्फरनगर**

## बरेली में कार हादसे में घायल पुलिस अधिकारी की मौत

**बरेली, 29 नवम्बर ( वार्ता )** उत्तर प्रदेश में बरेली के भोजीपुरा क्षेत्र में कार की टक्कर से घायल एक पुलिस अधिकारी की मंगलवार को उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी। पुलिस अधीक्षक देहात राज कुमार अग्रवाल ने बताया कि बरेली-नैनीताल हाईवे पर स्थित भोजीपुरा थाने में तैनात सब इंस्पेक्टर संजय सिंह सोमवार देर रात पुलिसकर्मियों के साथ भोजीपुरा टोल प्लाजा और निजी मेडिकल कॉलेज के बीच में ड्यूटी कर रहे थे। उन्होंने एक कार को रोकने के लिए हाथ दिया। तेज गति से गुजर रही कार सब इंस्पेक्टर को टक्कर मारते हुए भाग निकली। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों ने तुरंत घायल सब इंस्पेक्टर को निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां आज भोर उन्होने दम तोड़ दिया। पुलिस टक्कर मारने वाली कार की तलाश टोल प्लाजा के सीसीटीवी कैमरों की मदद से करने का प्रयास कर रही है।

## अनियंत्रित कार टकराई दीवार से, चालक की मौके पर मौत





**भोपा, 29 नवम्बर (बु.)।** अनियंत्रित होकर कार पेड़ से टकराकर दीवार से टकराई, जिसमे चालक युवक की मौत मौके पर हो गयी। युवक की मौत से परिवार में मातम छा गया है। ककरौली थाना क्षेत्र के गाँव टन्ढेडा निवासी युवक राहुल पुत्र हरेन्द्र मंगलवार की देर शाम खुजेड़ा गाँव की ओर से वापस अपने घर लौट रहा था कि गाँव के निकट उसकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई तथा वह सड़क किनारे दीवार में टकराकर पलट गयी। तेज आवाज सुनकर ग्रामीण उधर दौड़े। किसी प्रकार घायल राहुल को कार से बाहर निकाला । घायल राहुल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। राहुल की मौत से परिवार में मातम छा गया है। राहुल अपने पीछे पत्नी शालू व माता बालेश को छोड़ गया है। राहुल की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी।

## स्कूली वैन आपस में टकराई, कई बच्चे बालबाल बचे

**शामली, 29 नवम्बर (बु.)।** शहर के पानीपत रोड पर प्राईवेट स्कूलों की दो वैनों की भिड़ंत से सवार बच्चे बाल-बाल बच गये। मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने चालकों को भला-बुरा कहते हुए चलता कर दिया। मंगलवार दोपहर स्कूल की छुट्टी के बाद प्राईवेट स्कूलों के वैन चालक बच्चों को स्कूल से लेकर जा रहे थे। बताया जाता है कि जब वह कैराना पानीपत मार्ग पर पहुंचे, तो इसी दौरान दोनों स्कूली वैनों की आमने-सामने की भिडंत हो गई, जिससे वैन में सवार बच्चों ने शोर शराबा किया, तो आसपास मौजूद लोग वैन की ओर दौड़ पड़े और बच्चों को सकुशल पाये जाने पर उन्होंने चालकों को भला बुरा कहते हुए वैन की गति धीमी रखने और यातायात के नियमों का पालन करने का हवाला देते हुए चलता कर दिया। गनीमत रही कि दोनों वैन में सवार बच्चों को किसी प्रकार की चोट नहीं आई। वरना एक बड़ा हादसा हो सकता था।

## लिव इन रिलेशनशिप काला कानून, तत्काल हो वापस : प्राची

- श्रद्धा को धर्म की शिक्षा दी जाती तो नहीं आती 35 टुकड़ों में बंटने की नौबत
- साल 2013 की नंगला मंदौड़ महापंचायत के मामले में कोर्ट में पेश हुई साध्वी प्राची

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** साध्वी प्राची ने कहा कि लिव इन रिलेशन एक काला कानून है, जिसे तत्काल वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धा को यदि धर्म की शिक्षा दी जाती तो 35 टुकड़ों की नौबत ही ना आती।

साध्वी प्राची मंगलवार को साल 2013 की नंगला मंदौड़ महापंचायत के मामले में दर्ज मुकदमे को लेकर कोर्ट में पेश हुई थी, लेकिन नो वर्क के चलते इस मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 07 दिसंबर की तिथि तय की है। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए साध्वी प्राची ने श्रद्धा हत्याकांड पर गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि उनके दिल में एक पीड़ा है कि श्रद्धा को धर्म की शिक्षा नहीं दी गई। यदि धर्म की शिक्षा मिलती तो श्रद्धा के 35 टुकड़े नहीं होते। उन्होंने कहा कि यह सब आसमानी किताब के नाम पर खेल चल रहा है। किसी को फ्रिज में बंद करके मारा जाता है तो किसी को सूटकेस में बंद कर फैंक दिया जाता है, यह आसमानी किताब टुकड़े-टुकड़े करने का



जो ज्ञान देती है, उस पर तत्काल प्रतिबंध लगना चाहिए। लिव इन रिलेशनशिप पर सवाल उठाते हुए साध्वी प्राची ने कहा कि यह काला कानून हिन्दुस्तान में नहीं होना चाहिए। मैं बार-बार कहती रही हूं कि यह हिन्दुस्तान है, जापान, फ्रांस और अमेरिका नहीं है। हिन्दुस्तान की विवाह परम्परा पद्धति सात जन्मों के सात फेरों में बंधी है, जो सर्वोपरि मानी जाती है। इसलिए इस काले कानून को हर दशा में वापस लिये जाने की जरूरत है।

## जिलाधिकारी के चालक को वैन ने मारी टक्कर

**रायबरेली, 29 नवंबर ( वार्ता )** उत्तर प्रदेश के रायबरेली के बछरांवा इलाके में चूरूवा हनुमान मंदिर के सामने प्रयागराज के जिलाधिकारी संजय खत्री की गाड़ी के चालक को पीछे से आ रही ओमनी वैन ने जबरदस्त टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उन्होंने बताया कि सोमवार रात करीब साढ़े नौ बजे प्रयागराज के जिलाधिकारी लखनऊ से प्रयागराज लौट रहे थे। लौटते समय वह हनुमानजी के मंदिर में जाकर उनके दर्शन करने रुके। इसी बीच उनका चालक अजय कुमार गाड़ी से बाहर निकल कर सड़क किनारे खड़ा था तभी पीछे से आ रही वैन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया।

# रात को बेटी की डोली उठी, सुबह मां की अर्थी

**कुटबी गांव में विदाई के कुछ ही समय बाद करंट लगने से मां की मौत**

**शाहपुर, 29 नवंबर (बु.)।** इधर बेटी की डोली उठी उधर मां दुनिया से विदा हो गई। देर रात तक घर में खुशियों का जो माहौल था, बिजली के करंट के एक झटके से मातम में तब्दील हो गया। जिस घर से रात में बेटी ससुराल के लिए विदा हुई थी, उसी आंगन से सुबह मां की अर्थी उठी तो तमाम आंखें अश्कों से लबरेज थे।

केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान के गांव कुटबी का यह मामला है। गांव के सुक्खन बालियान पुत्र बलजोर के यहां सोमवार को बेटी हिमांशी की शादी थी। इसके लिए फतेहपुर जट का रवि दूल्हा बनकर आया था। कल बारात आई तो तमाम रिश्तेदार और मिलने चिलने वालों की महफिल के बीच उल्लास और खुशियों का माहौल था। बेटी की विदाई देर रात हुई तो इसके आधे घंटे बाद ही हादसा हो गया। बताया गया है कि हिमांशी की विदाई के बाद जब सभी रिश्तेदार भी जा चुके थे। कुछ लोग रुके हुए थे। घर के बाहर लोहे के गेट को बंद करने के लिए हिमांशी की मां रेखा ने जैसे ही गेट को छुआ तो उसे जोर का करंट लगा और वह वहीं गिर पड़ी। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि शादी में प्रकाश व्यवस्था के लिए लोहे के इस गेट से होकर बिजली का तार फैलाया गया था। इस दौरान यह तार कट गया और इससे करंट पूरे दरवाजे में फैल गया। रेखा ने जैसे ही उसे छुआ तो उसे जोर का झटका लगा। जब तक कोई वहां पहुंचता तब तक उसकी मौत हो गई थी। उसकी मौत की खबर मिलते ही कुछ समय पहले खुशियों से लबरेज आंगन में मौत का सन्नाटा पसर गया। परिवारजनों और बचे रिश्तेदारों में शोक की लहर दौड़ गई। इसके बाद तमाम रिश्तेदारों को इसकी सूचना दी गई तो इनमें से कुछ तो रात में ही वापस लौट आए। कुछ सुबह वापस पहुंचे। सुसराल की देहरी छूकर हिमांशी व उसके ससुराल के लोग भी सुबह वहां पहुंचे तो परिवार में चीखपुकार मची थी। जिस मां ने एक दिन पहले ही खुशी खुशी बेटी को आंसुओं के साथ विदा किया था, उसका शव देखकर हिमांशी का हाल बुरा था। होनी को कौन टाल सकता था। जहां एक दिन पहले शहनाईयां थी, वहां नम आंखों के साथ रेखा को चिर विदाई दी गई।

## सहारनपुर मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य मंत्री ने उच्च तकनीक की दो मशीनों का किया उद्घाटन

**सहारनपुर, 29 नवंबर ( वार्ता )।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने मंगलवार को यहां राजकीय मेडिकल कॉलेज में उच्च तकनीक की दो नई मशीनों ब्रेन, इओक्ड रिस्पांस आडियोमिट्री मशीन और कार्बन डाइआक्साइड लेजर मशीन का उद्घाटन किया। श्री पाठक के पास स्वास्थ्य विभाग भी है। श्री पाठक आज करीब 12 बजे सहारनपुर के पिलखनी स्थित राजकीय मेडिकल कालेज पहुंचे और तकरीबन एक घंटा वहां पर रुके। उन्होंने इन दोनों मशीनों का उद्घाटन करने के बाद करीब एक घंटा कॉलेज के चिकित्सकों और स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उप मुख्यमंत्री पाठक ने मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य और जिले के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव मांगलिक को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग में रिक्त नियुक्तियों को और उच्च तकनीक वाली मशीनों के संचालन के लिए प्रशिक्षित आपरेटरों की नियुक्तियां करें और काम में किसी तरह की बाधा न आने दें। उन्होंने कहा कि जनसहयोग से सभी जरूरी उपकरणों की व्यवस्था और उनके संचालन का प्रबंध किया जाए। संविदा के आधार पर जरूरी चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की नियुक्तियां करने का काम करें ताकि सभी तरह के रोगियों का उचित इलाज हो सके। समीक्षा बैठक में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अरविंद त्रिवेदी और अन्य विभागीय अध्यक्षों ने संसाधनों की अनुपलब्धता और तकनीकी कर्मचारियों की कमी से होने वाली दिक्कतों को उनके समक्ष उठाया।

## सहारनपुर को मिला विकास योजनाओं की प्रगति की रैंकिंग में पहला स्थान

**सहारनपुर, 29 नवंबर (वार्ता)** उत्तर प्रदेश सरकार के समस्त विकास एजेंडा कार्यक्रमों एवं मुख्यमंत्री के प्राथमिकता के विकास कार्यक्रमों के लिए कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग ने अक्टूबर, 2022 की प्रगति के आधार पर प्रदेश के समस्त जनपदों की रैंकिंग जारी की। जिसमें सहारनपुर को रैंकिंग में शत-प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान मिला। जिलाधिकारी अखिलेश सिंह ने अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि सभी विभाग विकास योजनाओं में प्रथम स्थान बनाने का प्रयास करें। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि यह हमारे लिए बड़े गर्व का विषय है कि हमने जारी रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, लेकिन अधिकारी एवं कर्मचारी इसकी निरंतरता को बनाएं रखें। मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रैंकिंग हेतु जनपदों में चल रहे समस्त विकास कार्यक्रमों के निर्धारित बिन्दुओं पर जनपद स्तर पर की गयी कार्यवाही एवं प्रगति को आधार बनाया गया है। उपरोक्त रैंकिंग में सहारनपुर जिला ने शत-प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। सहारनपुर मण्डल के अन्य जिले शामली और मुजफ्फरनगर क्रमशः आठवें एवं 65 वें स्थान पर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इससे अक्टूबर, 2019 में सहारनपुर ने प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया था, उसके बाद तीन वर्ष बाद जनपद ने जिलाधिकारी के नेतृत्व में प्रथम स्थान प्राप्त कर नया कीर्तिमान बनाया है। जिले ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, ग्रामोद्योग रोजगार सृजन कार्यक्रम, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना, ऑपरेशन कायाकल्प, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, परिवार नियोजन कार्यक्रम, आयुष्मान गोल्डन कार्ड कार्यक्रम आदि कार्यक्रमों में ए श्रेणी प्राप्त की है। जिलाधिकारी द्वारा उक्त उपलब्धि पर विजय कुमार मुख्य विकास अधिकारी, अमित कुमार अर्थ एवं संख्याधिकारी एवं जनपदीय अधिकारियों को बधाई दी गयी। साथ ही वित्तीय वर्ष 2022-23 के अवशेष चार माह में जनपद को प्रदेश में प्रथम स्थान पर बनाये रखने हेतु सतत प्रयास करने की अपेक्षा की गयी है। श्री सिंह ने अधिकारियों से जिले में संचालित सभी योजनाओं का लाभ समाज के वंचित वर्गों तक पहुँचाने के निर्देश दिये।

## सौ और लोगों ने हिंदू धर्म में वापसी की

### - जबरन मतांतरण के बाद स्वेच्छा से हिंदू धर्म में वापसी की

**मुजफ्फरनगर, 29 नवंबर (बु.)।** करीब सात वर्ष पूर्व जबरन मतांतरण कराए गए लोगों ने शुद्धिकरण और हवन पूजन के बाद हिंदू धर्म में वापसी कर ली। बघरा के यशवीर आश्रम में उनका शुद्धिकरण कराया गया। इसके बाद उक्त सभी के हिंदू नाम रखे गए। बताया गया है कि सात वर्ष पूर्व उक्त लोगों का जबरन मतांतरण कराया गया था। बघरा स्थित स्वामी यशवीर आश्रम में मंगलवार को एक साथ सौ लोगों का शुद्धिकरण कराने के बाद उनकी हिंदू धर्म में वापसी कराई गई। स्वामी यशवीर महाराज ने बताया कि मेरठ के एक गांव निवासी सौ लोगों ने हिंदू रीति रिवाज से पूजा पाठ और शुद्धिकरण कराने के बाद अपनी मर्जी से पुनः हिन्दू धर्म अपना लिया है। यशवीर महाराज व आचार्य मृगेंद्र ने हवन में आहुति दिलाकर उनका शुद्धिकरण कराया। इस दौरान गंगाजल से आचमन कर जनेऊ व लाल धागे में ओम का चिन्ह पहनाया। शुद्धिकरण के बाद सभी के मुस्लिम नाम बदलकर हिंदू रखे गए। इस दौरान आश्रम में मौजूद लोगों ने शुद्धिकरण कर रहे लोगों पर पुष्प की वर्षा की। आश्रम संचालक यशवीर महाराज ने बताया कि सात वर्ष पूर्व इनका जबरन धमकी देकर मतांतरण कराया था। अब इन लोगों ने अपनी मर्जी से पुनः हिंदू धर्म में वापसी की है। जबरन मतांतरण करने के बाद उक्त लोगों के नाम इमरान, साजिद, इकरार, असफाक, नाहिद, सज्जाद, अबरार, अब्बास, जावेद, तौफीक, नाजिम, नावेद, इसलाम, कामिल, कफील, असरफ,शरीफ, शाहिद, अकबर, ताहिर, जरीना, आबिदा, आफिया, सानिया, आयश, अमीरा, फराह, फिजा, गुफराना आदि कर दिए थे। अब हिंदू धर्म में वापसी करने के बाद उक्त लोगों के नाम राहुल, गौरव, सनातन, विकास, कुलदीप, विवेक, नंदकुमार, सुधीर, अनिल, अरविंद, जगबीर, जयभगवान, नीरज, निरंजन, सनातन, कवींद्र, कुसवेंद्र, आलोक, सर्वेश, सुखवीर, बालेश्वर, कमलेश, कविता, सोनिया, अमृता, अनिता, बबीता, उमा, पूजा, करिश्मा, रूपा, आकृति, अक्षरा, छाया, इंदु, प्रिया, लक्ष्मी, गार्गी, चारु, अनुषा,वंदना, श्रद्धा आदि रखे गए हैं।

## साफ-सफाई संग चला फॉगिंग और एंटी लार्वा छिड़काव का अभियान

**मंगलवार को पालिका ने किया बुलेटिन गली में मच्छरों से बचाव को फॉगिंग**



**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** देश प्रदेश के साथ जनपद में तेजी से बढ़ते डेंगू संक्रमण से बचाव के साथ संचारी रोग नियंत्रण के दृष्टिगत एंटी लारवा का छिड़काव के साथ मच्छरों से बचाव की खातिर फॉर्मिंग अभियान चलायेगा। शासन की शक्ति के साथ जिला स्तर पर डेंगू के मरीजों की संख्या सैंकड़ा तक पहुंचने के चलते नगरीय क्षेत्र में बीते कई दिनों से पालिका की टीम फॉर्मिंग अभियान शुरू किए हुए हैं। अभियान की इस कड़ी में जिलाधिकारी चंद्र भूषण सिंह द्वारा जारी गाइडलाइन के तहत मंगलवार को नगरपालिका परिषद के विभिन्न हिस्सों में फॉगिंग और स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी हेमराज सिंह के निर्देशन में जहां एक ओर सफाई कर्मियों की टोली द्वारा नालियों, झाड़ियों एवं मुख्य मार्गों की सफाई की गई। इसके अलावा शासकीय भवनों की सफाई कर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। इसी क्रम में जगह-जगह एंटी लारवा का छिड़काव कराने के साथ फॉगिंग भी करवाई गई। मंगलवार को इस कड़ी में मुख्य सफाई निरीक्षक योगेश कुमार के नेतृत्व में नगरपालिका की टीम द्वारा मुजफ्फरनगर बुलेटिन वाली गली में मच्छरों से बचाव की खातिर फोगिंग किया गया। इससे पूर्व पालिका क्षेत्र में बीते कई दिनों से विभिन्न वार्डों में फॉगिंग व एंटी-लार्वा का छिड़काव किया गया। मुख्य सफाई निरीक्षक योगेश कुमार ने बताया कि पालिका प्रशासन द्वारा क्षेत्र में डेंगू के बढ़ते प्रकोप के बीच सुरक्षा कारणों से लगातार रोस्टर के अनुसार फॉगिंग और एंटी लारवा का छिड़काव किया जा रहा है।

## तमंचे के बल पर विवाहिता से रेप

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** नई मंडी थाना क्षेत्र के एक गांव में दो युवकों ने घर में घुसकर एक विवाहिता के साथर तमंचे के बल पर रेप किया। इस सम्बन्ध में नई मंडी थाने पर नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट अदालत के आदेश पर दर्ज हुई है। अदालत के आदेश पर नई मंडी थाने पर दर्ज हुई रिपोर्ट में नई मंडी क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने आरोप लगाया कि गांव के ही आबिद व नासिर अकटूबर माह में उसके घर में घुस आए और तमंचे के बल पर उसकी पुत्रवधु को धमकाते हुए उसके साथ रेप किया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पाक के नये सेना प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला

**इस्लामाबाद 29 नवंबर ( वार्ता )** जनरल असीम मुनीर ने मंगलवार को देश के पूर्वी पंजाब प्रांत के रावलपिंडी में सेना मुख्यालय में आयोजित समारोह में पाकिस्तान के 17वें सेना प्रमुख का पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने समारोह में जनरल मुनीर को कमान सौंपी। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक, सैन्य अधिकारी, राजनयिक और सार्वजनिक अधिकारी भी मौजूद थे। छह साल तक पद पर बने रहने वाले जनरल बाजवा ने समारोह को संबोधित करते हुए उम्मीद जताई कि जनरल मुनीर की नियुक्ति देश और सेना दोनों के लिए सकारात्मक साबित होगी। जनरल मुनीर को गुरुवार को देश के सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त किया गया था जब राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को उन्हें चुनने की सिफारिश को मंजूरी दे दी थी। वह देश के संविधान के अनुसार तीन साल की अवधि के लिए सेना प्रमुख बने रहेंगे। नए सेना प्रमुख को सितंबर 2018 में तीन सितारा जनरल के पद पर पदोन्नत किया गया था। वह सैन्य खुफिया और देश की इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस के महानिदेशक भी रहे थे।



## बुलडोजर दिखा गरीबों की आवाज दबा रही है सरकार : जयंत

- **जयंत चौधरी ने दूसरे दिन भी किया जनसंपर्क और नुक्कड़ सभाएं**



**मुजफ्फरनगर, 29 नवंबर (बु.)।** रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने आज दूसरे दिन भी खतौली विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जनसंपर्क और सभा अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा को लोगों ने खूब वोट दिया है, अब उनसे रिपोर्ट कार्ड मांगने का समय है। उन्होंने कहा कि भाजपा का जनता के मुद्दों से कोई लेना देना नहीं है। वह वादे करती है और भूल जाती है। सरकार से हिसाब मांगों तो कानून का डर दिखाती है। अब समय आ गया है कि भाजपा सरकार को उखाड़ फेंका जाए। उन्होंने कहा कि गन्ना सीजन शुरू हुए दो माह बीतने को आए, अभी तक सरकार गन्ने का समर्थन मूल्य तक घोषित नहीं कर पाई है। प्रदेश सरकार गरीबों के घर के सामने बुल्डोजर खड़ा कर अपनी ताकत दिखा रही है।

मंगलवार को भी रालोद अध्यक्ष जयंत चौधरी ने क्षेत्र के दर्जनों गांवों में पहुंचकर समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय लोक दल और आजाद समाज पार्टी गठबंधन के संयुक्त प्रत्याशी मदन भैया के पक्ष में वोट मांगे। इस दौरान जयंत चौधरी ने अपनी नुक्कड़ सभाओं में सरकार पर जमकर निशाना साधा। जयंत चौधरी ने कहा कि सरकार के पास घोषणा है कि योजना नहीं है। सरकार घोषणा करती है और उन्हें धरातल पर नहीं उतारती। सरकार ने किसानों से जो वादे चुनाव के दौरान किए थे उस पर सरकार खरी नहीं उतरी। चीनी मिल चले दो महीने बीत गए हैं और 14 दिन में गन्ना भुगतान का वायदा करने वाली सरकार आज तक गन्ने का रेट तय नहीं कर पाई यहां तक कि अभी गन्ना पर्ची पर भी जीरो लिखा आ रहा है। किसान के साथ इससे बड़ा मजाक क्या हो सकता है। उन्होंने कहा कि किसान आंदोलन के 13 महीने इस बात का गवाह है कि केवल किसान ही है जो सरकार को झुका सकता है और किसान की एकजुटता ही अपना हक ले सकती है इसलिए सरकार जो घोषणा करती है उसे पूरा नहीं करती रालोद अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद चौधरी जयंत सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल की जड़े गांव में है। उन्होंने कहा कि गांव मजबूत होंगे तो पार्टी भी मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा समाज को बांटने का कार्य करती है। गालिबपुर गांव में हुई सभा में कहा कि प्रदेश सरकार गरीबों के घर के सामने बुल्डोजर खड़ा कर अपनी ताकत दिखा रही है। इतना भी क्रूर शासन नहीं होना चाहिए कि गरीब की आवाज डर से जाए। पमनावली कुल्हेडी में सभाओं के दौरान उन्होंने कहा कि भाईचारा और एकजुटता के बल पर भाजपा की सांप्रदायिक मानसिकता को तोड़ा जा सकता है। अब सर्व समाज एकजुट हो रहा है। इस मौके पर पूर्व सांसद राजपाल सैनी, विधायक चंदन चौहान, रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, अजीत राठी, विधायक अशरफ अली खान, प्रसन्न चौधरी सुधीर भारतीय समेत बड़ी संख्या में रालोद नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पंजाब की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर दो पाकिस्तानी ड्रोन ढेर

**जालंधर, 29 नवंबर (वार्ता)** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने पंजाब के अमृतसर और तरनतारन में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर पाकिस्तान के हेरोइन तस्करी के प्रयास को नाकाम करते हुए सोमवार की रात दो पाकिस्तानी ड्रोनों को मार गिराया। गिराए गए ड्रोनों से लगभग 10 किलो 610 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि सोमवार की रात लगभग 2205 बजे, सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने तरनतारन जिले के कलश हवेलियां गांव के पास पड़? वाले क्षेत्र में पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाले संदिग्ध ड्रोन की भनभनाहट सुनी। ड्रिल के मुताबिक जवानों ने फायरिंग कर संदिग्ध ड्रोन को रोकने की कोशिश की। गोली लगने से ड्रोन जमीन पर गिर पड़ा। पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी लेने के दौरान बीएसएफ और पंजाब पुलिस की टीम ने गांव के पास सीमा पर लगी बाड़ के किनारे खेत में पड़ा हुआ आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त 01 हेक्साकॉप्टर ड्रोन बरामद किया, साथ ही एक पैकेट हेरोइन (सकल वजन-लगभग 7.5 किलोग्राम) बरामद किया गया था। इसी तरह सोमवार की रात को लगभग 2247 बजे, सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने गाँव-चाहरपुर, जिला-अमृतसर (ग्रामीण) के पास पड़? वाले क्षेत्र में पाकिस्तान से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने वाले संदिग्ध ड्रोन की भनभनाहट सुनी। जवानों ने फायरिंग कर संदिग्ध ड्रोन को गोली मार कर जमीन पर गिरा दिया। प्रारंभिक खोज के दौरान, बीएसएफ पार्टी ने खेत में पड़ा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त स्थिति में एक हेक्साकॉप्टर बरामद किया।

## किसानों ने नलकूपों पर लगाए गए मीटर उतारकर बिजलीघर पर रखे, विरोध में बिजलीघर पर प्रदर्शन

**मीरापुर, 29 नवम्बर (बु.)।** किसानों के नलकूपों पर मीटर लगाने के विरोध में सैंकड़ो किसानों ने कासमपुरखोला बिजलीघर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने नलकूपों पर लगाये गए करीब एक दर्जन मीटर उतारकर वापिस बिजलीघर पर रखे तथा स्पष्ट चेतावनी दी कि किसी भी कीमत पर नलकूपों पर मीटर नहीं लगने देंगे। मीरापुर थानाक्षेत्र के गांव कासमपुर खोला में विद्युत विभाग द्वारा किसानों के नलकूपों पर मीटर लगाने का कार्य शुरू किया गया है। विद्युत विभाग ने करीब एक दर्जन नलकूपों पर किसानों की गैरमौजूदगी में मीटर लगा दिए। नलकूपों पर मीटर लगे देख गांव कासमपुर खोला के किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। मंगलवार की सुबह नलकूपों पर लगाए गए मीटरों को उखाड़कर सैंकड़ों किसान एकत्र होकर कासमपुरखोला बिजलीघर पहुँच गए तथा नलकूपों पर लगाये गए मीटरों को बिजलीघर पर वापिस रख दिया। इस दौरान किसानों ने यहाँ जमकर हंगामा करते हुए नलकूपों पर मीटर लगाए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया और विद्युत विभाग के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। इस दौरान आक्रोशित किसानों को देखकर बिजलीघर पर तैनात जेई रामलाल व अन्य कर्मचारी यहाँ से गायब हो गए, जिस पर किसानों ने एसडीओ को मौके पर आने को कहा, किन्तु किसानों के गुस्से को भांपकर एसडीओ भी मौके पर नहीं आये, जिस पर किसान और अधिक आक्रोशित हो गए। किसानों ने आरोप लगाया कि विद्युत विभाग ने किसानों की गैरमौजूदगी में चोरी से उनके नलकूपों पर मीटर लगा दिए, जोकि नियमाविरुद्ध है। किसानों ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि किसी भी कीमत पर नलकूपों पर मीटर नहीं लगाने दिए जाएंगे। किसानों ने समस्या का समाधान नहीं होने पर बुधवार से बिजलीघर पर धरना देने की चेतावनी दी। प्रदर्शन करने वालों में मुख्य रूप से अनिल रंधावा प्रधान, ओमेन्द्र प्रधान,कपिल कोहली, संदीप शर्मा, राजवीर सिंह, ओमकार सिंह, साहब सिंह, नीटू शर्मा, मांगेराम, महेन्द्र सिंह, पंकज कपासिया, कुलदीप कपासिया आदि शामिल रहे।

## अनिल देशमुख की जमानत याचिका पर सुनवाई दो दिसंबर तक स्थगित की

**मुंबई, 29 नवंबर ( वार्ता )** बॉम्बे उच्च न्यायालय में मंगलवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के वकील के पेश नहीं होने के बाद न्यायालय ने महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री अनिल देशमुख की जमानत याचिका पर सुनवाई दो दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी। सीबीआई की एक विशेष अदालत द्वारा हाल ही में भ्रष्टाचार और आधिकारिक पद के दुरुपयोग के एक मामले में उनकी संलिप्तता के लिए उनकी जमानत खारिज करने के बाद अनिल देशमुख ने चिकित्सा आधार पर जमानत याचिका दायर की है। इस मामले पर न्यायमूर्ति एम. एस. कार्णिक की अदालत में याचिका पर सुनवाई होनी थी, लेकिन सीबीआई की ओर पेश होने वाले अतिरिक्त महाधिवक्ता अनिल सिंह के अस्वस्थ होने की वजह से वह अदालत में पेश नहीं हो सके। जिसके बाद न्यायमूर्ति कार्णिक ने कहा कि वह इस मामले की सुनवाई दो दिसंबर को करेंगे। पूर्व गृहमंत्री की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विक्रम चौधरी ने यह कहते हुए तत्काल सुनवाई की मांग करते हुए कहा कि उनका मुवक्किल पिछले साल नवंबर से जेल में बंद हैं। न्यायमूर्ति कार्णिक ने कहा कि वह इस मामले की सुनवाई दो दिसंबर को करेंगे।

## चिह्नित स्थानों का होगा सुंदरीकरण

**लखनऊ।** पत्र में निर्देशित किया गया है कि सभी गार्बेज वल्नरेबल पाइंट्स का इस प्रकार से सुंदरीकरण किया जाए जैसे कि सेल्फी प्वाइंट्स, रेहड़ी पटरी वालों को जगह आवंटित करना, वरिष्ठ नागरिकों के लिए बेंच की व्यवस्था एवं पेड़ व गमला लगाना इत्यादि। इस स्थान को एक नजीर के रूप में विकसित किया जाए और हो भविष्य में भी इसकी निरंतरता को बनाए रखा जाए, ताकि लोग यहां कूड़ा फेंकने की बजाय अपना कीमती समय व्यतीत करें। इस स्वच्छता अभियान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले निकायों को 3 मुख्य श्रेणियों क्रमशः नगर निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायत में जनसंख्या आधारित 5 उप श्रेणियों के अंतर्गत राज्य स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

## गायब होंगे कूड़े के ढेर, बनेंगे सेल्फी पाइंट, यूपी में अब एक दिसंबर से चलेगा स्वच्छता अभियान

**लखनऊ, 29 नवंबर (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश को स्वच्छ प्रदेश बनाने की मुहिम में जुटे सीएम योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप उनकी टीम लगातार अभियान चला रही है। इसी क्रम में अब स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत 'प्रतिबद्ध : 75 जिले, 75 घंटे, 750 निकाय' अभियान 1 दिसंबर से शुरू किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान के तहत प्रदेश के 750 निकायों में कूड़ा एकत्रीकरण के दृष्टिगत संवेदनशील स्थानों गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट्स को पूर्णतया विलोपित कर स्वच्छ स्थान में परिवर्तित करने की योजना है।

स्वच्छता अभियान को गति देने के लिए स्वच्छ भारत मिशन नगर निकाय निदेशालय की ओर से सभी नगर आयुक्तों को पत्र के जरिए समयसीमा के अंदर अभियान चलाकर उद्देश्य की पूर्ति के निर्देश जारी किए गए हैं। इन स्थानों पर सफाई के बाद सुंदरीकरण भी होगा। कई स्थानों को सेल्फी पाइंट के तौर पर विकसित किया जाएगा। स्वच्छ भारत मिशन, उत्तर प्रदेश की निदेशक नेहा शर्मा द्वारा सभी नगर आयुक्तों एवं अधिशासी अधिकारियों को इस आशय का पत्र जारी किया गया है। पत्र में अभियान से जुड़े सभी दिशा निर्देश दिए गए हैं। पत्र में कहा गया है कि स्वच्छ भारत मिशन नगरीय भारत सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अंतिम माह के उपलक्ष्य में 'प्रतिबद्ध 75 जनपद 75 घंटे 750 निकाय' अभियान 1 दिसंबर 2022 से शुरू किया जा रहा है। प्रदेश के समस्त 750 निकायों में गार्बेज वल्नरेबल पाइंट्स को पूरी तरह से खत्म कर स्वच्छ स्थान में परिवर्तित कराया जाना है। अभियान की शुरूआत प्रचार-प्रसार के साथ की जानी है। इसके लिए नगरीय निकाय स्तर पर गार्बेज वल्नरेबल पाइंट्स को चिन्हित कर आवश्यक संसाधन व कार्य सुनिश्चित करना होगा। यह भी निर्देश है कि अभियान का समापन समारोह जिलाधिकारी के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में आयोजित किया जाना सुनिश्चित हो। नगर निकायों से कहा गया है कि अभियान के सफल संचालन हेतु आवश्यकता का आंकलन कर ट्रक, जेसीबी, मैजिक आदि संसाधनों की व्यवस्था पहले से कर ली जाए। मिशन मोड में संचालित अभियान की रिकार्डिंग एवं डाक्यूमेंटेशन भी किया जाए। इसके लिए संसाधन जैसे डीएसएलआर कैमरा, ड्रोन इत्यादि की भी व्यवस्था की जाए। अभियान हेतु आईईसी के माध्यम से स्थानीय लोगों में व्यापक जन जागरूकता भी आवश्यक है। अभियान के तहत समस्त नगरीय निकायों से अपेक्षा की जाती है कि सर्वप्रथम अपने निकाय में समस्त गार्बेज वल्नरेबल पाइंट्स को पुनः चिन्हित करते हुए 1 दिसंबर 2022 से 3 दिसंबर 2022 तक संचालित इस अभियान के अंतर्गत इनका स्थायी रूप से विलोपन की समस्त सुव्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए। यहां के कूड़े को गीले और सूखे कूड़े के रूप में अलग किया जाए। शेष कूड़े का वैज्ञानिक विधि से निस्तारण कराना सुनिश्चित हो। साथ ही प्लास्टिक, बोतल, कांच इत्यादि का आंकलन कर प्राप्त आंकड़ों का डाक्यूमेंट कर निकाय स्तर पर सुरक्षित करें।

## भोपा रोड पर पेड़ से टकराई स्कॉर्पियो, दो घायल





मुजफ्फरनगर, 29 नवंबर (बु.)। भोपा रोड पर गांधी पॉलिटेक्निक के सामने एक स्कॉर्पियो कार के पेड से टकरा जाने से उसमें सवार दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया गया है कि एक भाजपा नेता विकास पंवार का पुत्र महादेव पंवार अपने साथी आदित्य पंवार के साथ स्कॉर्पियो से जा रहा था। गांधी पॉलिटेक्निक के सामने उनकी कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। हादसे में दोनों छात्र घायल हो गए। दोनों को गंभीर अवस्था में इवान अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल भी उन्हें देखने पहुंचे।

## खेत में मिला 10 फुट लंबा अजगर, देख रह जाएंगे दंग

**भोपा, 29 नवम्बर (बु.)। थाना क्षेत्र के बेहडा थ्रू गांव में विशालकाय 10 फीट लंबा अजगर मिला है।अजगर मिलने के बाद हड़कंप मचा हुआ है। गन्ने की छिलाई के दौरान खेत में अजगर दिखाई दिया। अजगर के निकलने की सूचना ग्राम प्रधान को दी गई ग्राम प्रधान दिनेश राठी ने ग्रामीणों की मदद से अजगर का रेस्क्यू कर कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को ड्रम में पकड़ लिया। तत्पश्चात वन विभाग को सूचना दी गई वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, तो विशालकाय अजगर को वन विभाग को सौंपा दिया गया उधर विशालकाय अजगर के मिलने के बाद क्षेत्रीय ग्रामीण दहशत में हैं।**

## प्रदेश में बिजलीकर्मियों का अनिश्चिकालीन बहिष्कार शुरू

**लखनऊ 29 नवंबर ( वार्ता )।** ऊर्जा निगमों के शीर्ष प्रबन्धन पर स्वेच्छाचारी रवैये व दमनात्मक कार्यप्रणाली का आरोप लगाते हुए उत्तर प्रदेश में सभी ऊर्जा निगमों के बिजलीकर्मियों ने मंगलवार को अनिश्चितकालीन कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया। राजधानी लखनऊ में बिजलीकर्मियों ने शाम 5 बजे पूरे प्रदेश में मशाल जुलूस निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया। हाइडिल फील्ड हॉस्टल में पूरे दिन विरोध सभा हुई और शाम सैंकड़ों मशाल प्रज्वलित की गई। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने ऊर्जा निगमों में टकराव के लिए शीर्ष प्रबंधन की नकारात्मक व हठधर्मी कार्यप्रणाली को जिम्मेदार ठहराया। साथ ही चेयरमैन पर सरकार को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए ऊर्जा मंत्री से प्रभावी हस्तक्षेप करने की अपील की । संघर्ष समिति के पदाधिकारी राजीव सिंह, जितेंद्र सिंह गुर्जर, जी वी पटेल, पीके दीक्षित ने आज जारी बयान में कहा कि आम जनता को तकलीफ न हो, इसलिये कार्य बहिष्कार के प्रथम चरण में उत्पादन गृहों, पारेषण विद्युत उपकेन्द्रों, सिस्टम ऑपरेशन, और 33 केवी विद्युत उपकेंद्रों में पाली में कार्यरत बिजलीकर्मियों को कार्य बहिष्कार आंदोलन से अवमुक्त रखा गया है।

## घर में घुसकर मां बेटे पर जानलेवा हमला

**मुजफ्फरनगर, 29 नवम्बर (बु.)।** नई मंडी थाना क्षेत्र के गांव जट मुझेड़ा में कुछ लोगों ने घर में घुसकर मां बेटे को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों का चिकित्सालय में उपचार चल रहा है। इस सम्बन्ध में पुलिस में तीन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज कराई गई रिपोर्ट में जटमुझेड़ा निवासी विशाल पुत्र सोहनवीर ने बताया कि उसके चाचा राजपाल के खेत में एक युवक साईकिल चला रहा है। उसे देखने के लिये वहा भीड़ लगी हुई थी। आरोप है कि गांव के ही राहुल ऋतिक व कपिल अपने एक अन्य साथी के साथ वहां शराब पी रहे थे। आरोप है कि उन्हें शराब पीने से रोकने पर उक्त लोगों ने गाली गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने बताया कि बाद में आरोपियों ने उससे माफी मांग ली थी, जिसके बाद दोनों पक्षों में फैंसला हो गया था। पीड़ित ने आरोप लगाया कि सवेरे के समय आरोपी हथियारों से लैस होकर उसके घर में घुस गए और उसे लाठी डंडों व धारदार हथियारों से मारना पीटना शुरू कर दिया। पीड़ित की मां उसे बचाने आई तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए चल गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

## जल्द जारी होगी निकायों में सीटों के आरक्षण की सूची

**लखनऊ, 29 नवंबर (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नगरीय निकाय चुनाव के लिए सीटों के आरक्षण की सूची एक सप्ताह के अंदर जारी किए जाने की संभावना है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने मंगलवार को मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के समक्ष प्रस्तावित आरक्षण की सूची का प्रस्तुतीकरण दिया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने आरक्षण की सूची को शीघ्र अंतिम रूप देने के निर्देश दिए हैं। सूत्रों का कहना है कि दो-तीन दिसंबर तक आरक्षण सूची को अंतिम रूप देने के बाद निकाय चुनाव कराने का प्रस्ताव राज्य निर्वाचन आयोग को भेज दिया जाएगा। इसलिए संभावना है कि आयोग पांच दिसंबर के बाद कभी भी चुनाव कार्यक्रम जारी कर सकता है। राज्य निर्वाचन आयोग भी चुनाव कार्यक्रम तभी जारी करेगा जब उसे नगरीय निकायों की सूची मिल जाए। अभी नगर विकास विभाग आरक्षण में जूझ रहा है। सूत्रों के अनुसार अब इसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। वार्डों के साथ ही महापौर और चेयरमैन की सीटों के आरक्षण की सूची भी तैयार हो चुकी है। दो दिन पहले ही इस सूची को नगर विकास मंत्री के सामने भी रखा गया था। अब मुख्य सचिव को भी आरक्षण की सूची दिखाई गई है।

## पूर्व एमएलसी हाजी इकबाल के घर की कुर्की की तैयारी

**सहारनपुर, 29 नवंबर (वार्ता)। दुष्कर्म सहित कई मामलों में वांछित चल रहा पूर्व एमएलसी व खनन माफिया हाजी इकबाल के विरुद्ध पुलिस ने कुर्की की कार्यवाही के तहत उसके मुख्य आवास व कार्यस्थल ग्लोकल यूनिवर्सिटी पर नोटिस चस्पा किए। साथ ही मुनादी कर चेतावनी जारी कि 30 दिनों के भीतर न्यायालय के समक्ष पेश न होने पर संपत्ति को कुर्क करने की कार्यवाही की जाएगी। बता दें कि विगत दिनों खनन माफिया हाजी मोहम्मद इकबाल और उसके भाई महमूद अली, तीन बेटों जावेद, अफजाल व अलीशान के खिलाफ हरियाणा निवासी एक महिला द्वारा सामूहिक दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी तथा एक अन्य मामले में धोखाधड़ी, जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज हुआ था। जिसमें इकबाल का भाई पूर्व एमएलसी महमूद अली और तीन बेटे जावेद, अफजाल एवं अलीशान जेल में है, जबकि हाजी इकबाल फरार है, इस पर 25 हजार के इनाम को बढ़ाकर 50 हजार कर दिया गया था।**

## सिखेड़ा में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

**मुजफ्फरनगर, 29 नवंबर (बु.)।** आगामी विधानसभा उप-चुनाव के दृष्टिगत थाना क्षेत्र सिखेड़ा में क्षेत्राधिकारी नई मण्डी व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। विधानसभा उप-चुनाव के चलते थाना क्षेत्र सिखेड़ा के संवेदनशील क्षेत्रों में क्षेत्राधिकारी नई मण्डी द्वारा थाना सिखेड़ा पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च करते हुए आम जन-मानस को सुरक्षा का अहसास कराया गया। फ्लैग मार्च के दौरान लोगों से निडर होकर शांतिपूर्ण मतदान करने, आदर्श आचार संहिता का पालन करने की अपील की गयी साथ ही अराजकता/माहौल खराब करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावनी भी दी गयी। क्षेत्राधिकारी नई मण्डी द्वारा लोगों से कानून-व्यवस्था को बनाए रखने में सहयोग करने और आमजन को भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील के साथ-साथ लोगों से बढ चढकर मतदान करने हेतु भी प्रेरित किया गया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक सिखेड़ा राकेश कुमार सहित अन्य पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## उप्र: 16 आईपीएस अधिकारियों के तबादले, नवसृजित गाजियाबाद, आगरा, प्रयागराज को मिले आयुक्त

**लखनऊ, 29 नवंबर ( वार्ता )।** उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ा फेरबदल करते हुए दो पुलिस आयुक्तों सहित 16 भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों का तबादला कर दिया है और आगरा, प्रयागराज और गाजियाबाद आयुक्तालयों में पुलिस आयुक्तों की नियुक्ति की गयी है। एक आधिकारिक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एक प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार देर रात जारी आदेश के अनुसार प्रतीक्षा सूची में शामिल अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अशोक मुथा जैन को वाराणसी का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है। गौतमबुद्ध नगर पुलिस आयुक्त आलोक सिंह और वाराणसी के ए सतीश गणेश का तबादला कर डीजीपी मुख्यालय में अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के पद पर तैनात किया गया है। पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) लखनऊ रेंज लक्ष्मी सिंह को गौतमबुद्धनगर का नया पुलिस आयुक्त बनाया गया है। प्रतीक्षा सूची में शामिल आईजी अजय मिश्रा को नवसृजित गाजियाबाद पुलिस आयुक्तालय का पुलिस आयुक्त बनाया गया है। इसी तरह आईजी ,कारागार डॉ. प्रीतिंदर सिंह को नवसृजित आगरा पुलिस आयुक्तालय का पुलिस आयुक्त और आईजी बरेली रमित शर्मा को पुलिस आयुक्त प्रयागराज नियुक्त किया गया है। गृह सचिव तरुण गाबा को आईजी लखनऊ बनाया गया है। आईजी, प्रयागराज डॉ. राकेश सिंह का उसी पद पर बरेली में तबादला किया गया है। लखनऊ के आईजी विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) चंद्र प्रकाश (द्वितीय) को उसी पद पर प्रयागराज तबादला किया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गाजियाबाद मुनिराज जी को एसएसपी अयोध्या बनाया गया है। वह प्रशांत वर्मा का स्थान लेंगे, जिन्हें पुलिस अधीक्षक (एसपी) बहराइच के तौर पर तबादला किया गया है। बहराइच के एसपी केशव कुमार चौधरी को अपर पुलिस आयुक्त आगरा बनाकर तबादला किया गया है। एसएसपी प्रयागराज शैलेस पांडे का इसी पद पर मथुरा में तबादला किया गया है। एसएसपी मथुरा अभिषेक यादव का लखनऊ में पुलसि अधीक्षक इंटेलिजेंस मुख्यालय में तबादला किया गया है। आगरा एसएसपी प्रभाकर चौधरी का सीतार को 11वीं बटालियन कमांडेंट के तौर पर तबादला किया गया है। श्री पाठक करीब एक घंटे की देरी से राजकीय विमान से सरसावा एयरपोर्ट पर उतरे थे और बैठक के बाद सरसावा से ही राजकीय विमान से मुरादाबाद के लिए रवाना हो गए। रवाना होने से पहले उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री पाठक ने मशीनों के उद्घाटन के साथ-साथ मेडिकल कालेज एवं अन्य विभागों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों को कालेज, अस्पताल एवं वार्डों में साफ-सफाई के निर्देश भी दिए। बैठक में जिलाधिकारी अखिलेश सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. मांगलिक, मेडिकल कालेज के तमाम विभागाध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ. त्रिवेदी, जिला मलेरिया अधिकारी शिवांका गौड़, जिला महिला अस्पताल की अधीक्षका रत्नपाल, जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. बृजेश राठौर, डा. कुणाल जैन, डा. संजय यादव और भाजपा के सांसद और विधायक एवं जनप्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।